दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 60
कोटद्वार गुरूवार
22 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## खांकरा के पास हादसा, दिल्ली के यात्रियों का वाहन खाई में गिरा, दो की मौत

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर खांकरा के पास यात्रियों का एक वाहन खाई में गिर गया। इस दौरान खाई में गिरते ही वाहन के परखचे उड़ गए। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने बताया कि बीती 18 जून को दिल्ली से वाहन संख्या डीएल14 सी 5070 होंडा अमेज(लाल रंग) से जतिन डागर पुत्र तेज सिंह( 23) ग्राम गंगोल पुर कलां रोहिणी दिल्ली व उसका मित्र विशाल(26) पुत्र रमेश निवासी दिल्ली से रुद्रप्रयाग के लिए चले थे। फोन न उठने के कारण घर वालों को अनहोनी की आशंका हुई। परिजनों ने बुधवार को जतिन और विशाल की जानकारी पुलिस को दी। खोजबीन में दोनों के मोबाइलों की लोकेशन खांकरा के पास की मिली।नदी किनारे सर्च अभियान चलाकर तलाश किया गया तो दोनों के शव श्रीनगर की ओर सड़क से लगभग 150 मीटर नीचे अलकनंदा नदी किनारे मिले। परिजनों ने शवों को शिनाख्त कर ली है। दोनों शवों को क्रेन की सहायता से रेस्क्यू किया गया। राकांपा नेता अजित पवार पिछले कुछ दिनों से विभिन्न कारणों से चर्चा में रहे हैं। कुछ ही सप्ताह पहले उनके भाजपा में जाने की अफवाहें उड़ी थीं लेकिन उन्होंने यह कहकर अफवाहों का खंडन कर दिया था कि वह मरते दम तक राकांपा में ही रहेंगे। हालांकि शरद पवार द्वारा पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पर सुप्रिया सुले एवं प्रफुल्ल पटेल को बैठा दिया गया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जरिए योग एक वैश्विक आंदोलन बन गया: पीएम



**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को कहा कि भारत ने हमेशा जोड़ने, अपनाने और अंगीकार करने वाली परम्पराओं को पोषित किया है और योग के माध्यम से विरोधाभाषों, बाधाओं और प्रतिरोधों को खत्म करने का आह्वान किया है.

प्रधानमंत्री ने एक वीडियो संदेश में कहा कि भारतीयों ने हमेशा नए विचारों का स्वागत किया है और उन्हें संरक्षण दिया है तथा देश की समृद्ध विविधता का जश्न मनाया है. उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति हो या समाज संरचना, भारत का आध्यात्म हो या उसके आदर्श, भारत का दर्शन हो या दृष्टि, हमने हमेशा जोड़ने, अपनाने और अंगीकार करने वाली परम्पराओं को पोषित किया है. हमने नए विचारों का स्वागत किया है, उन्हें संरक्षण दिया है. हमने विविधताओं को समृद्ध किया है, उनका जश्न मनाया है.

देशवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मोदी ने कहा कि योग का प्रसार भारत के विचार का विस्तार है, जो पूरे संसार को एक परिवार के रूप में समाहित करता है. उन्होंने कहा कि योग के विस्तार का अर्थ है- 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना का विस्तार. इसलिए इस वर्ष भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी-20 सम्मेलन का विषय भी एक पृथ्वी, एक परिवार एक भविष्य है.प्रधानमंत्री ने कहा कि योग एक ऐसे स्वस्थ और सामर्थ्यशाली समाज का निर्माण करता है, जिसकी सामूहिक ऊर्जा कई गुना ज्यादा होती है. उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में स्वच्छ भारत जैसे संकल्पों से लेकर 'स्टार्टअप इंडियाइ जैसे अभियानों तक, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से लेकर सांस्कृतिक भारत के पुनर्निर्माण तक, देश तथा देश के युवाओं में जो असाधारण गति दिखी है, उसमें इस ऊर्जा का बहुत बड़ा योगदान है.

उन्होंने कहा कि आज देश का मन बदला है, इसीलिए जन तथा जीवन बदला है

## बकरी चराने गए दिनेश पर झाड़ियों में छिपे गुलदार ने किया हमला, गुलदार से भिड़ बचाई खुद की जान



अस्पताल में भर्ती गुलदार के हमले में घायल दिनेश पंवार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** प्रखंड द्वारीखाल के अंतर्गत ग्राम ग्वीन बड़ा में बकरी चुगाने गए एक व्यक्ति पर गुलदार ने हमला बोल दिया। हिम्मत से काम लेते हुए व्यक्ति ने गुलदार से भिड़ खुद की जान बचाई। गुलदार के हमले में व्यक्ति के हाथ पर चोटें आई है।

गुलदार के हमले में घायल हुआ ग्राम ग्वीन बड़ा निवासी दिनेश पंवार अन्य दिनों की तरह ही गांव से लगे जंगल में बकरी चुगाने जा रहा था। बकरी चुगाते समय झाड़ियों में घात लगाए गुलदार ने दिनेश पर हमला कर दिया। दिनेश ने साहस का परिचय दिया और गुलदार से भिड़ गया। दिनेश ने शोर मचाते हुए गुलदार की गर्दन दबोच ली। शोर सुन आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और गुलदार पर डंडों से वार कर उसे भागने के लिए मजबूर कर दिया। हालांकि, गुलदार के हमले में दिनेश के शरीर पर गहरे घाव हुए हैं। दिनेश को उपचार के लिए राजकीय बेस चिकित्साय कोटद्वार में भर्ती करवाया गया है। वहीं, ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है। कहा कि गुलदार के डर से ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना तक मुश्कि हो गया है।

# सनातन संस्कृति का मूल आधार ''वसुधैव कुटुम्बकम'' : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** योग दिवस की बधाई देते हुये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी गौरवशाली सनातन संस्कृति का मूल आधार ''वसुधैव कुटुम्बकम'' है और यही हमारे देश की 140 करोड़ जनता का मूल संस्कार भी है, जो सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार का रूप मानता है। इसी सिद्धांत को केंद्र में रखते हुए इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग'' तय की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और महान योग साधक नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत एवं भारतीय संस्कृति का मान, सम्मान और स्वाभिमान संपूर्ण विश्व में बढ़ रहा है तथा भारत विश्व गुरू के पद पर पुनः आरूढ़ होने के लिए तैयार हो रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस इसका एक सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, योग गुरु स्वामी रामदेव, आचार्य बाल कृष्ण ने कुमाऊंनी रामायण का विमोचन भी किया। साथ ही प्रतिदिन योग करने एवं नशे से दूर रहने का संकल्प भी दिलाया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योगपीठ फेज-2 हरिद्वार के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनेकों वैश्विक चुनौतियों और षड्यंत्रों का सामना करने के बावजूद भारत ने कभी भी मानवीय मूल्यों से हटकर आचरण नहीं किया और हमारी इस लोक कल्याणकारी अवधारणा का आधार हमारी संस्कृति है, जिसके मुख्य स्तंभों में से एक योग भी है। इसी वजह से योग आज दुनिया के करोड़ों लोगों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गया है जो विश्व को भारतीय संस्कृति के साथ और अधिक प्रगाढ़ता से जोड़ने का काम कर रहा है। भारत की संत परंपरा हमेशा से ही ''देश प्रथम' की परिकल्पना को साकार करने का माध्यम रही है और पंतजलि योगपीठ की स्थापना भी इसी उद्देश्य के लिए हुई है। योगगुरू स्वामी रामदेव ने भारत को पुनः विश्वगुरू बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय चेतना को जगाने का कार्य किया है।मुख्यमंत्री ने कोराना काल का जिक्र करते हुये कहा कि योग भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है और कोरोना महामारी के दौरान हम सभी योग के महत्व से परिचित भी हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि दौड़ भाग की जिन्दगी में चुनौती के साथ तनाव भी हैं तथा इस तनाव को दूर करने का साधन योग है, जिसे उत्तरोत्तर आगे बढ़ाने में पतंजलि का महत्वपूर्ण योगदान है। योग गुरु स्वामी बाबा रामदेव ने कार्यक्रम का शुभारम्भ सूक्ष्म व्यायाम से किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उल्लेख करते हुये कहा कि यह इतिहास की पहली घटना है कि प्रधानमंत्री आज शाम को यू.एन.ओ. के हेडक्वार्टर में योग करेंगे। उन्होंने अष्टांग योग- (यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि) ताड़ासन, सूर्य नमस्कार, योगिंग-जोंगिंग, भस्त्रिका प्रणायाम, कपालभाती, अनुलोम-विलोम, मण्डूक आसन, पवन मुक्त आसन, शीतली, मकर आसन, भुजंग आसन, शीर्षासन, सर्वांग आसन, चक्रासन आदि का अभ्यास कराते हुये योग के महत्व के साथ-साथ पंतजलि की विकास यात्रा पर भी विस्तृत प्रकाश डाला।



# उत्साह के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : भू बैकुंठ श्री बद्रीनाथ धाम, देश के प्रथम गांव माणा सहित संपूर्ण जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। बद्रीनाथ धाम और वाइब्रेंट विलेज माणा में जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष धूमधाम और उत्सव के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद भट्ट ने कहा कि बदलती जीवनशैली में योग निश्चित रूप से एक औषधि है, जो दिमाग एवं शरीर को स्वस्थ एवं चुस्त-दुरूस्त बनाए रखता है। उन्होंने लोगों से नियमित योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। बुधवार को योग दिवस पर जिला मुख्यालय सहित सभी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, वाइब्रेंट विलेज, तहसील एवं ब्लाक मुख्यालयों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष योग दिवस समारोह का विषय 'हर घर आंगन योग' रहा। योग आचार्यों ने शिविर में योग के महत्व को बताते हुए कहा कि योग से शारीरिक अंगों के साथ-साथ मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बनाया जा सकता है तथा नियमित योगाभ्यास से शारीरिक व्याधियों के अलावा मानसिक समस्याओं से भी निजात पाई जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बद्रीनाथ मंदिर प्रांगण में जिला प्रशासन द्वारा योग शिविर लगाया गया। अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर योग शिविर का शुभारंभ किया। बद्रीनाथ में योग आचार्य रघुवीर सिंह बर्त्वाल के मार्ग निर्देशन में योगाभ्यास किया। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी एवं जनपद चमोली में योग कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सुनील रतूड़ी ने बताया कि योग शिविर में 50 से अधिक देश विदेश के लोगों ने प्रतिभाग किया और योग आचार्य से योग के गुर सीखे। योगाभ्यास में बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार, एडीएम डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, मंदिर समिति प्रभारी अनिल ध्यानी, सहायक अभियंता गिरीश देवली, मंदिर अधिकारी राजेन्द्र चौहान, डॉ. हरीश गौड़, डॉ. टीएस रावत सहित आयुष विभाग, पुलिस, एसडीआरएफ, होमगार्ड, नगर पंचायत, तीर्थ पुरोहित सहित देश विदेश के तीर्थयात्रियों ने योगाभ्यास किया। जिला मुख्यालय में पीजी कॉलेज गोपेश्वर के जिम्नेजियम हॉल में जिला प्रशासन के सहयोग से पतंजलि एवं आयुष विभाग के तत्वाधान और योग प्रशिक्षक संगीता के मार्ग निर्देशन में योगाभ्यास किया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान, जिला सहाकारी बैंक अध्यक्ष गजेन्द्र रावत, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र सहित बड़ी संख्या में जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों ने प्रतिभाग किया।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों में जुटा पुलिस प्रशासन



उत्तरकाशी। आगामी चार जुलाई से प्रारंभ हो रही कांवड़ यात्रा के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयरियां शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने कहा कि इस वर्ष कांवड़ यात्रा में कांवड़ियों के बढ़ने की संभावना है। जिसके लिए उन्होंने सभी पुलिस कर्मिकों एवं थानाध्यक्षकों को समय रहते तैयारियां पूर्ण करने के निर्देष दिए हैं। बुधवार को एसपी अर्पण यदुवंशी ने पुलिस लाइन ज्ञानसू में अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों की मासिक बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने सभी कार्मिकों को आगामी बरसात सीजन के द्दष्टिगत सभी को अपनी तैयारियां पूर्ण रखने व आपदा उपकरणों को 24 घण्टे तैयारी हालात में रखने के निर्देश दिये।

कहा कि 04 जुलाई से कांवड़ यात्रा प्रारंभ होने जा रही है। इसलिये सभी पहले से तैयारियां पूरी कर ले। ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन:2025 के अन्तर्गत नशा तस्करों पर अंकुश लगाने हेतु सभी को अवैध नशा करोबारियों के खिलाफ सक्रिय रहकर जानकारी जुटाते हुये कठोर कार्रवाई अमल में लाएं।

उन्होंने जिले में नशे के खिलाफ चलाये जा रहे धरपक्कड़ अभियान को और अधिक प्रभावी करने के निर्देश देते हुए, एसओजी को अधिक सक्रिय होकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया । उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामकता फैलाने वालों की लगातार निगरानी करने तथा बाहरी प्रान्तो से जनपद में निवासरत व्यक्तियों (किरायेदार, घरेलू नौकर, फड–फेरी, रेडी–ठेली आदि के शत–प्रतिशत सत्यापन करने को कहा। इस मौके पर सीओ अनुज कुमार, प्रतिसार निरीक्षक जनक सिंह पंवार, निरीक्षक यातायात राजेन्द्र नाथ, निरीक्षक एलआईयू बृजमोहन गुंसाई सहित सभी कोतवाली व थाना प्रभारियों ने प्रतिभाग किया।

## सीडीओ झरना कमठान की अध्यक्षता में हुई बेटी बचाओ , बेटी पढाओ कार्यक्रम की बैठक



देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलैक्ट्रेट में ,ह्यह्यबेटी बचाओ , बेटी पढाओह्लह्ल कार्यक्रम की बैठक आयोजित की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु महत्वपूर्ण एंव आवश्यक निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास विभाग ने बाल विकास विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम की जानकारी दी गयी।मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि सेवायोजन विभाग के समन्वय से बेटियों हेतु विकासखंड स्तर पर कैरियर कांउसिलिंग कार्यक्रम संचालित करते हुए बेटियों को रोजगारपरक प्रशिक्षण देने तथा शिक्षा विभाग के सहयोग से विभिन्न विभागों , पदों की कार्यशैली एंव कार्य प्रकृति की जानकारी तथा तैयारी के सम्बन्ध में मार्गदर्शिका हो ताकि बेटियां अपनी रूचि अनुसार अपना कार्यस्थल चुन सके। उन्होंने विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी शिविर के माध्यम से बेटियों को दी जाए।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रूपा देवी के निधन पर शोकसभा आयोजित की

विकासनगर।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चकराता के विधायक प्रीतम सिंह की माता रूपा देवी के निधन पर गहरा शोक जताया।

शोक सभा में कार्यकर्ताओं ने भावपूर्ण स्मरण कर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में एकत्रित होकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि रूपा देवी ने अपने स्वर्गीय पति पूर्व मंत्री गुलाब सिंह के सार्वजानिक जीवन में अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद एक आदर्श पत्नी के रूप में उनका साथ निभाया।

# 42 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में किया योग

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : अंतराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में 42 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में योगाभ्यास सत्र आयोजित किए गए। इस मौके पर स्वस्थ जीवन के लिए योग को नियमित रूप से दिनचर्चा में शामिल करने पर जोर दिया गया।

योग दिवस के मौके पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सतेराखाल, उच्चाढुंगी, कांडई-बच्छणस्यूं, मयाली, बधानी, जसोली, मयकोटी, मचकंडी, सुमाड़ी, लदोली, रतूड़ा, भीरी, पौड़ीखाल, सिद्धसौड़, बरसूड़ी, घेंघड़खाल, उछोला, पांडवथली, गहडखाल, सौंदा, बडेंथ, कुरझण, कंडारा, खांखरा, भ्यूंता सहित 42 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में योगाभ्यास सत्र आयोजन किए गए। सतेर-ाखाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के योग प्रशिक्षक श्रीमती सुनीता राणा के निर्देशन में योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। उन्होंने योग के फायदों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योग से न सिर्फ मांसपेशियों का व्यायाम होता है, बल्कि दिमांग को शांत रखने में मददगार है। बताया कि तनाव मुक्त जीवन, शरीर की थकान, रोग मुक्त शरीर व वजन पर काबू रखने के लिए योग को दिनचर्चा में शामिल करना चाहिए। ग्राम प्रधान निर्मला देवी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कंसल्टेंट दीपक नौटियाल, सोशल वर्कर दिगपाल सिंह कंडारी, आईईसी समन्वयक हरेंद्र सिंह नेगी, काउंसलर विपिन सेमवाल, एमएनई नागेश्वर बगवाड़ी, एएनए संजू नौटियाल, सीएचओ सपना बिष्ट, आशा कार्यकत्री विनीता, ऊषा, बीना, पुष्पा, सरोज आदि मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### गंगोत्री–यमुनोत्री में योगाभ्यास में शामिल हुए देश विदेश के श्रद्धालु

उत्तरकाशी। गंगोत्री– यमुनोत्री सहित उत्तरकाशी और अन्य जगहों पर विश्व योग दिवस हर्षोल्लास से मना। गंगोत्री और यमुनोत्री में देश विदेश के श्रद्धालुओं ने सुबह गंगा–यमुना नदी घाट किनारे योगाभ्यास किए। उत्तरकाशी के केदारघाट आरती स्थल पर डीएम समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी योग कार्यक्रम में शामिल हुए। बुधवार को जिले भर में नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस गंगा ग्रामों, नमामि गंगे स्नान घाटों व जनपद मुख्यालय पर केदारघाट एवं कीर्ति इंटर कालेज परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम हुए। इस दौरान आम लोगों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, आईटीबीपी जवानों ने योगाभ्यास किया। जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कीर्ति इंटर कालेज परिसर एवं केदारघाट में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान जागेश्वर धाम से मुख्यमंत्री के संबोधन को सीधे प्रसारण के माध्यम से देखा व सुना गया। केदारघाट में आयोजित योग कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक एडवोकेट अभयराज सिंह बिष्ट एवं कीर्ति इंटर कालेज में योग प्रशिक्षक कृष्णानंद विजलवाण द्वारा योगाभ्यास कराया गया।

### मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग जरूरीः विश्नोई

ऋषिकेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर टीएचडीसी में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने विभिन्न योग क्रियाएं कीं। सीएमडी आरके विश्नोई ने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग को महत्वपूर्ण बताया। कहा कि एकता और वैश्विक सदभाव की भावना को बढ़ाने में भी योग का अहम योगदान है। बुधवार को कैंपस में आयोजित कार्यक्रम में योगासन करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों में जोश और उत्साह नजर आया। सीएमडी आरके विश्नोई ने दिनचर्या में योग को शामिल करने पर जोर देते हुए कहा कि टीएचडीसी कर्मचारियों और व्यापक समुदाय के कल्याण के साथ जीवनशक्ति की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# डीएम अध्यक्षता में हुई जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक



देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रैट में जिला गंगा सुरक्षा समिति कि बैठक आयोजित कि गयी। जिलाधिकारी ने पूर्व बैठक में दिए गये निर्देशों के क्रम में कृत कार्यवाही कि समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बाढ सुरक्षा कार्यों हेतु सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया,जिसके क्रम में अवगत कराया गया कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो गयी है ।

उन्होंने नगर निगम ऋषिकेश के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नदी एवं नदी तट तथा खुले में कूड़ा ना डाला जाए इसके लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए तथा खुले में कूड़ा फैंकने वालो पर कार्यवाही करें , जिसके क्रम में अवगत कराया गया कि चिह्नित दस स्थानों पर कैमरे लगाए गये है तथा अन्य स्थलों को चिह्नित कर कैमरे लगाए जायेंगे जिससे खुले में कुडा फेकने वालों पर कार्यवाही की जा सके।उन्होंने ग्रीन बैल्ट विकसित करने हेतु निर्देश दिये जिसके क्रम में अवगत कराया गया कि समृति वन को ग्रीन बैल्ट के अंतर्गत विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को कूडा उन्मूलन अभियान के साथ ही पालिथिन पर प्रभावी अभियान चलाने निर्देश दिये।

## सात माह बाद किशोरी बरामद, अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। सात माह पूर्व कोतवाली क्षेत्र से अपहृत किशोरी को पुलिस ने बरामद कर अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ने इस दौरान किशोरी से जबरन शादी कर दी। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपहरण का मुकदमा तरमीम करने के साथ ही दुराचार व पॉक्सो ऐक्ट में भी मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत निवासी महिला ने 14 नवंबर 2022 को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 12 नवंबर को उसकी बेटी अचानक घर से गायब हो गयी।

## राकेश उत्तराखंडी सहित छह लोगों के खिलाफ दुकान में घुसकर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

विकासनगर। मुख्य बाजार कालसी में एक दुकान में घुसकर व्यापारी और उसके पिता के साथ मारपीट करने, दुकान को खाली कराने की धमकी देने और गाली–गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रुद्रसेना के संस्थापक राकेश तोमर उर्फ राकेश उत्तराखंडी सहित छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इमरान पुत्र इरशाद निवासी कालसी गेट मेन बाजार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 17 जून को राकेश तोमर उर्फ राकेश उत्तराखंडी पुत्र पूरण सिंह निवासी जमुनापुल बाड़वाला, प्रदीप चौहान पुत्र खजान सिंह चौहान निवासी व्यासभूड़ कालसी, अनिल निवासी इंद्रा कॉलोनी कालसी, अभय चौहान पुत्र कांतीराम निवासी व्यासभूड़ कालसी, व शुभम पुत्र दौलतराम निवासी व्यासनहरी कालसी ने विधि विरुद्ध एकराय होकर उसकी दुकान में घुसे। बताया कि आरोपियों ने उसके पिता और उसके साथ मारपीट की। बताया कि आरोपियों ने जबरन उसकी दुकान खाली करने और जान से मारने की धमकी दी। बताया कि आरोपियों से उसकी जानमाल को खतरा हो गया है। आरोपी लगातर उसे परेशान कर दुकान खाली करने का दबाव बना रहे हैं, जिससे आरोपी की रोजी रोटी छिन सकती है। थानाध्यक्ष कालसी रविंद्र सिंह नेगी ने बताया कि आरोपियों ने जबरन दुकान को बंद करवाकर हुड़दंग मचाया, जिससे नगर क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल के लिए खतरा पैदा हो गया था। बताया कि मामले में जांच शुरू कर साक्ष्य एकत्रित किये जा रहे हैं।

# विधायक चौहान ने बाढ़ सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण किया

विकासनगर। सिंचाई विभाग की फ्लड स्कीम के तहत बरोटीवाला में बरसाती नालों पर हो रहे बाढ़ सुरक्षा कार्यों का विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। फ्लड स्कीम के तहत बरोटीवाला में बड़वाला नाला, रीठा राय नाला, ढाका राय नाला पर बाढ़ सुरक्षा कार्य कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही पृथ्वीपुर में बरसाती नालों पर इन दिनों कार्य कराए जा रहे हैं। बुधवार को विधायक ने सिंचाई विभाग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। विधायक ने संबंधित ग्रामीणों से भी सुझाव भी मांगे। अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों के सुझाव के आधार पर ही बाढ़ सुरक्षा कार्य किए जाने चाहिए। स्थानीय बाशिंदों को नालों के बहाव और उसकी प्रकृति की जानकारी होती है। नालों के बहाव का कई वर्षों के अनुभव के आधार पर ही ग्रामीण अपने सुझाव देते हैं। बताया कि हर बरसात में नालों का बहाव बस्ती की ओर हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान झेलना पड़ता था। ग्रामीणों को नुकसान से बचाने के लिए दस करोड़ की लागत से बाढ़ सुरक्षा कार्य कराए जा रहे हैं। विधायक ने अधिकारियों को बरसात शुरू होने से पहले सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

## शहरी विकास मंत्री के पीआरओ की माता का निधन

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के जनसंपर्क अधिकारी ताजेंद्र नेगी की माता सुमेरा देवी नेगी का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। बुधवार को पूर्णानंद घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये। बुधवार सुबह साढ़े सात बजे सुमेरा देवी नेगी का निधन होने के बाद आसपास के लोग और भाजपा कार्यकर्ता ताजेंद्र नेगी और उनके परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए ढालवाला स्थित उनके आवास पर पहुंचे। मंत्री अग्रवाल ने भी ताजेंद्र और उनके परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी। सुमेरा देवी का अंतिम संस्कार पूर्णानंद घाट पर किया गया।

# पछुवादून में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग से निरोग रहने का संदेश दिया

विकासनगर। पछुवादून, जौनसार बावर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जगह जगह समूह में योगाभ्यास किया गया। इन कार्यक्रमों में हर वर्ग के लोगों ने प्रतिभाग कर योग से निरोग रहने का संदेश दिया। इसके साथ ही योग साधकों ने घर घर तक योग को पहुंचाने का संकल्प लिया। हनुमद धाम में विधायक मुन्ना चौहान ने साधकों के साथ मिलकर योगाभ्यास किया। यहां पांच सौ से अधिक योग साधक जुटे। विधायक ने बताया कि नियमित योग करने से हर रोग से मुक्ति मिल सकती है। उन्होंने हर दिन आधा घंटे योग करने की सलाह दी। दूसरी ओर सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर ने सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल मांडूवाला में योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय मनीषा की विश्व मानवता के कल्याण के लिए दिया गया एक अनमोल उपहार है। योगासन हमें स्थिरता के साथ ही शारीरिक सुद्दढ़ता भी प्रदान करते हैं।

शिक्षण संस्थानों में जुटे योग साधकः सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई यमुना कालोनी डाकपत्थर में शिक्षक, छात्र–छात्राओं के साथ ही आम लोगों ने भी योग शिविर में प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य अनुसुया प्रसाद जखमोला ने साधकों को विभिन्न यौगिक क्रियाओं की जानकारी दी। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ढालीपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को योग की विभिन्न विधाओं का अभ्यास कराया। आशा राम वैदिक इंटर कॉलेज 29 यूके बटालियन के एनसीसी कैडेट ने योग से निरोग रहने के गुर बताए।

सामाजिक संगठनों ने आयोजित किए योग शिविरः पछुवादून में सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों की ओर से भी योग शिविर आयोजित किए गए। पछुवादून गढ़वाल सभा ने दिनकर विहार स्थित गढ़वाल भवन में आम जनता को योगाभ्यास कराकर योग के महत्व की जानकारी मुहैया कराई। संस्कार भारती की ओर से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बाबूगढ़ में शिविर आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट ने बताया कि चित्त की वृत्तियों पर नियंत्रण ही योग है। वारियर्स गर्ल्स फाउंडेशन की ओर से बैरागीवाला में और पछुवादून विकास मंच ने हरबर्टपुर में योग शिविर लगाकर सैकड़ों लोगों को योग के महत्व की जानकारी दी।

# पछुवादून में धान की रोपाई कर रही महिलाएं गीतों से लोगों को कर रही आकर्षित

विकासनगर। बीते दो दिनों लगातार बारिश होने से खेती किसानी में भी बहार आ गई है। पछुवादून में अब धान की रोपाई शुरू हो चुकी है। धान की रोपाई तो इन दिनों हर गांव, कस्बे में हो रही है, लेकिन पछुवादून में धान की रोपाई कई संस्कृतियों से रूबरू कराती हैं। दरअसल यहां खेतों में काम करने वाले मजदूर उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल समुदाय और बिहार के भोजपुरी समुदाय के होते हैं। ऐसे में धान की रोपाई के दौरान यहां पारंपरिक पूर्वांचली, भोजपुरी, गढ़वाली, हिमाचली गीतों की मधुर स्वर लहरियां इन दिनों सुनने को मिल रही हैं। पछुवादून के विकासनगर से सटे ग्रामीण इलाकों में बुधवार को खेतों में धान की रोपाई के दौरान मीरजापुरी कजरी की मधुर धुनें सुनाई दे रही थीं। महिला पुरुष मजदूरों की टोलियां खेत दर खेत धान रोपते हुए ह्यनदिया में गिर गई झूलनियां रे... कजरी गाते हुए माहौल को मदमस्त बना रही थीं। रोपाई कर रही एक महिला मालती ने बताया कि इससे काम जल्दी होता है और थकावट भी नहीं आती। कुछ आगे जाने पर भोजपुरी गीतों की मीठी तान सुनाई देती है। पश्चिमीवाला में एक खेत में रोपाई कर रही महिलाएं समूह में ह्यचल सखी रोप आई हैं खेतवा में धानवा..., दूसरे खेत में पुरुष मजदूरों की टोली ह्यधीरे–धीरे हरवा चलाइहे हरवहवा गिरहत मिलले मुहंजोर। नए बाड़े हरवा, नए रे हरवहवा, नए बडे हरवा के कोर... जैसे भोजपुरी गीतों से माहौल में रूहानियत घोल रहे थे। दोपहर बाद अचानक आसमान में बादल छाने पर महिलाओं का गीत भी बदल जाता है। वो गाने लगती हैं ह्यसैंया हमसे होय ना धान की रोपाई, आसमां में गरजे कारे बदरा...। दिनकर विहार की ओर इन दिनों खेतों में रोपाई के दौरान गढ़वाली और हिमाचली गीतों की धुन सुनाई दे रही है। गढ़वाल मूल के बाशिंदे अपने खेतों में रोपाई करते हुए जीतू बगडवाल का गीत ह्यछह गति आषाड जीतू लगे रोपणी को दिन, जीतू पैटीगे अब शोभनी बैदोण...गाकर माहौल को रूहानी बना रहे हैं।

## किशोरी को बहला–फुसलाकर भगा ले गया युवक

ऋषिकेश। रायवाला में प्रतीतनगर ग्रामसभा से एक युवक किशोरी को बहला–फुसलाकर भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद परिजनों को इसका पता चला, तो वह शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचे। उन्होंने तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना पुलिस के मुताबिक एक शख्स ने शिकायत दी कि उसकी 14 साल की बेटी घर से चली गई। आसपास तलाश और पूछताछ में पता चला कि पड़ोस का ही आर्यन पुत्र मनोज उसे बहला–फुसलाकर साथ ले गया।

## सड़कों पर घूम रहे लावारिश मवेशी बन रहे दुर्घटना का कारण

विकासनगर। नगर क्षेत्र में सड़कों पर घूम रहे लावारिश मवेशी दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। ये मवेशी दिन के अलावा रात में भी सड़कों पर विचरण करते रहते हैं। कहीं तो मवेशी सड़क को पूरी तरह से जाम कर बैठे रहते हैं जिससे सड़क से गुजरने वाले वाहन चालक और यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विकासनगर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालक अपने गाय, बैल, भैंस, बछड़ा को चरने के नाम पर शहर में छोड़ देते हैं जो लावारिस की तरह सड़क पर घूमते रहते हैं। इसके साथ ही जो पशु दूध देना बंद कर देते हैं, उन्हें हमेशा के लिए सड़कों पर छोड़ दिया जाता है। ऐसे मवेशी जब राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाते हैं तो खुद मौत का शिकार भी हो जाते हैं। जबकि इन मवेशियों के सड़क पर बैठे रहने और विचरण करने से कई वाहन दुर्घटनाएं भी होती हैं। खासकर दुपहिया वाहन चालक कई बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। सड़कों पर विचरण करते हुए मवेशी सिर्फ विकासनगर में ही नहीं बल्कि पूरे पछुवादून में दिखाई देते हैं।

# कोटद्वार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हजारों लोगों ने किया योग

## योग प्रतियोगिता में सार्थक कंडवाल, प्रियांशी रही अव्वल



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मालवीय उद्यान में योग करते हुए योग साधक।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** नगर निगम क्षेत्र कोटद्वार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर योग समितियों ने आम जन को योग कराया और योग को अपने जीवन में शामिल करने का आह्वान किया। भारत स्वाभिमान न्यास कोटद्वार की ओर से 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को नगर निगम के अंतर्गत मालवीय उद्यान में भव्य रूप से मनाया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों को योग करवाया गया।

मालवीय उद्यान में पतंजलि योगपीठ और आनुषांगिक संगठनों द्वारा सुबह 5 बजे योग का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सिद्धबली मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ. जेपी ध्यानी, अति विशिष्ट अतिथि मंडी समिति अध्यक्ष सुमन कोटनाला और एमकेवीएन स्कूल के एमडी मयंक प्रकाश कोठारी ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मीडिया प्रभारी अंजू सिंह ने बताया कि पतंजलि योगपीठ के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं योग प्रशिक्षक एडवोकेट अमित सजवाण और उषा सजवाण ने शिविर में पहुंचे साधकों को योग के बारे में जानकारी दी। इस दौरान बच्चे, बुजुर्ग, नौजवान सभी ने योगाभ्यास किया। इस दौरान मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह और तुलसी के पौधे भेंट किए गए। तत्पश्चात अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार लगभग सैकड़ों लोगों को अमित सजवान व उषा सजवान द्वारा योग करवाया गया। इस दौरान मुख्य मंच पर ऋतु रावत, राकेश कंडवाल, जितेंद्र काला, रजनी अग्रवाल रहे। इस मौके पर योग प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली योग प्रतियोगिताओं के पैटर्न को फॉलो करते हुए शीर्षासन, तितिभासन, वकासन, भूनमनासन, वृश्चिक आसनों को प्रतियोगिता में शामिल किया गया। इन आसनों में बालक वर्ग में सार्थक कंडवाल प्रथम, हिमांशु द्वितीय व सागर तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में प्रियांशी प्रथम, आकांक्षा पुंडीर द्वितीय व कनक तृतीय स्थान पर रही।

## उत्साह के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**कोटद्वार :** महर्षि कण्व योग समिति द्वारा नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रह्माकुमारी पाठशाला रतनपुर के संचालक किशन सिंह बिष्ट, सांस्कृतिक मिशन कोटद्वार के संयोजक सुनील बहुखंडी, रीमा चौहान, समाजसेवी शूरवीर खेतवाल ने द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया। समिति की सचिव किरन तिवारी व सरिता मैंदोला ने वंदना गीत की प्रस्तुति दी। योग प्रशिक्षक नीरज नेगी, कैप्टेन भूपेंद्र सिंह नेगी एवं किरन तिवारी ने साधकों को योग अभ्यासा करवाया। इस मौके पर समिति के बच्चों ने कठिन योगासनों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन हर्षमणि नौडियाल ने किया।



योग का अभ्यास करते हुए बालिका।

## योग को जीवन में शामिल कर नियमित योग करें



आरपी पब्लिक स्कूल में योग का अभ्यास करते हुए छात्र।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** भारत स्वाभिमान कोटद्वार के योग प्रशिक्षकों ने सिद्धबली मंदिर सहित विभिन्न स्कूलों में प्रोटोकॉल के अनुसार योग करवाया। योग दिवस पर राजकीय इंटर कॉलेज कुम्भीचौड़ में चित्रकला और निबन्ध प्रतियोगिता में पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रही याशिका कुंवर, मुस्कान गौड़, रितु, राधिका बहुखण्डी, निबन्ध प्रतियोगिता में निधि, पलक, आयुषि भट्ट, श्रेया को पुरस्कृत किया गया।

विभिन्न संस्थानों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष पर प्रोटोकॉल के अनुसार योग करवाने के लिए योग शिक्षकों की मांग भारत स्वाभिमान कोटद्वार की गई थी। सिद्धबली मंदिर में योगाचार्य रवि नेगी व विजयपाल नेगी, इंटर कॉलेज लालपानी में रजनी गुसाईं और ममता, केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से एआईएस संस्था को राजकीय इंटर कॉलेज कुंभीचौड़ में रजनी अग्रवाल, पूजा, अनामिका और आरपी पब्लिक स्कूल में मीडिया प्रभारी अंजू सिंह, ऋतु रावत, रेनू रावत, अनु रावत द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार योग करवाया गया। राइंका कुंभीचौड़ में भारत स्वाभिमान न्यास की वरिष्ठ योगाचार्य रजनी अग्रवाल ने आम जन व छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि लगातार योग कर हम कई बीमारियों से दूर रह सकते हैं। इसलिए योग को हमें अपने जीवन में शामिल करना चाहिए और नियमित योग करना चाहिए।

## योग साधक प्रिया, दीया, कनिका ने योग के आसन एवं शैलियां दिखाकर बटोरी तालियां

### विशिष्ट कार्य करने पर 10 लोगों को किया सम्मानित



शिक्षक धनपाल सिंह रावत को सम्मानित करते हुए महिला पतंजलि योग समिति के पदाधिकारी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** महिला पतंजलि योग समिति की ओर से निंबूचौड़ के क्रेडल प्ले स्कूल में योग कराया गया। प्रोटोकॉल के अनुसार डॉ. मंजू कपरवान ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। मंच संचालन विकास देवरानी ने किया। राज्य कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती शोभा रावत ने योग साधकों से निरंतर योग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीतू रावत एवं विशिष्ट अतिथि मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला ने किया।

इस अवसर पर विशिष्ट कार्य करने पर पक्षी प्रेमी दिनेश कुकरेती, मयंक प्रकाश कोठारी भारतीय, राकेश मोहन ध्यानी, चंद्रमोहन कुकरेती, समाजसेवी दलजीत सिंह, श्रीमती मंजू देवी, जय देवभूमि फाउंडेशन के संस्थापक शिवानंद लखेडा, प्रेम सिंह नेगी, अध्यापक धनपाल सिंह रावत, प्रणिता कंडवाल को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षक रही छोटी बालिकाएं योग साधक प्रिया देवरानी एवं दीया देवरानी, कनिका नेगी जिहोंने योग के विभिन्न आसन एवं शैलियां दिखाकर सब की तालियां बटोरी। इस अवसर पर लक्ष्मी रावत क्षेत्र पंचायत सदस्य, लक्ष्मी नेगी, यशोदा नेगी, अमित नेगी, प्रेम सिंह नेगी, अमर सिंह नेगी, तहसील प्रभारी सोनिया ध्यानी, वंदना थपलियाल, सरोज रावत, कुसुम ध्यानी, अनीता कंडारी, सुरजी बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

## योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं

**कोटद्वार :** आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के समस्त विद्यार्थियों, प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा अन्य कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से प्राणायाम, ध्यान तथा त्राटक क्रिया का अभ्यास किया।

विद्यार्थियों के साथ विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने योग कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, पादहस्तासन, पश्चिमोत्तानासन, कटिचक्रासन आदि विभिन्न आसनों को किया तथा प्राणाकर्षण, प्राणायाम, नाड़ी शोधन प्राणायाम तथा त्राटक क्रिया का अभ्यास किया। प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने कहा कि योग से न केवल शरीर स्फूर्तिवान रहता है बल्कि मन भी ऊर्जावान रहता है, इसलिए हमें योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

## योग को घर—घर व जन—जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**कोटद्वार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जन कल्याण न्यास के तत्वावधान में हेमनदास सरस्वती शिशु मंदिर जानकीनगर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों सहित अन्य लोगों ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। इस अवसर पर योगगुरु नरेश के मार्ग निर्देशन में विभिन्न योगिक क्रियाओं, आसनों एवं प्रणायाम का अभ्यास किया गया। उन्होंने बताया कि गीता के अनुसार कर्म करने की कुशलता ही योग है। उन्होंने योग करने की विधि और उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान लोगों ने विभिन्न योगासन व ध्यान मुद्रा में बैठ कर योग को घर-घर व जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर विष्णु अग्रवाल, प्रशान्त कुकरेती, सतीश देवरानी, संदीप उनियाल, योगेश, बिजेन्द्र मैंदोला, मनीराम शर्मा, गबर सिंह, विपुल उनियाल, रणवीर निर्मोही, राजेश रावत, राजेश जोशी, जितेन्द्र रावत आदि मौजूद थे।

## महाविद्यालय में प्राध्यापकों और छात्रों ने किया योगाभ्यास

**कोटद्वार :** डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डा. अभिषेक गोयल ने कहा कि योग दिवस 21 जून को इसलिए मनाया जाता है क्योंकि पंचांग के मुताबिक 21 जून को उत्तरी गोलार्द्ध का सबसे लंबा दिन होता है, जिसके बाद वातावरण में रोगों के कीटाणु उत्पन्न होने शुरू हो जाते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। ऐसे में तन मन को स्वस्थ रखने के लिए ही यह दिन चुना गया है। योग प्रशिक्षक सोनम राणा ने बताया कि इस वर्ष 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग तय की गई है। इस अवसर पर डा. प्रवीन जोशी, डा. डीएस चौहान, डा. संजीव कुमार, डा. विनोद सिंह, डा. सूर्य मोहन, संदीप चौहान, उमेश कुकशाल, मुकेश कंडारी आदि मौजूद रहे।

## पौड़ी में अंतर्राष्टीय योग दिवस धूमधाम से मनाया


**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों में योग शिविरों का आयोजन किया गया। इंडोर स्टेडियम पौड़ी में विधायक राजकुमार पोरी ने शुभारंभ किया। इस दौरान शिविर में विभिन्न लोगों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा कपाल भाती, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, वज्रासन, ताड़ासन, योग ध्यान सहित विभिन्न योग क्रियाओं के अभ्यास करते हुए उनके फायदे बताए। इस वर्ष योग दिवस की थीम हर घर आंगन योग था।

इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि नियमित रूप से योग करना चाहिए। जिससे मन व शरीर स्वस्थ रह सकेगा। कहा कि इसी तरह हर रोज लोगों को अपने—अपने घरों में योगा करना चाहिए। कहा कि परिवार के सभी सदस्यों को भी योग के प्रति जागरूक करें। जिला न्यायालय परिसर व केंद्रीय विद्यालय में सिविल जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव प्रतीक मथेला की अध्यक्षता में योग दिवस मनाया गया। घुड़दौड़ी इंजीनियरिंग कॉलेज में ब्लाक प्रमुख कोट पूर्णिमा नेगी ने योग दिवस में प्रतिभाग करते हुए कहा कि योग करने से मनुष्य की कई बिमारियां समाप्त हो जाती हैं। इस मौके पर एसडीएम सदर मुक्ता मिश्रा, आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सविता रानी, जिला खेल अधिकारी अनूप बिष्ट, जिला नेहरू युवा केंद्र अधिकारी शैलेश भट्ट, डा. राकेश सेमवाल, योगा प्रशिक्षक दीपक सिंह, गीता देवी आदि शामिल रहे।

## प्रधानमंत्री का संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग प्रदर्शन, भारत की बढ़ती ताकत का प्रमाणः महाराज

### "विश्व योग दिवस" पर काबीना मंत्री सतपाल महारा दून डिफेंस ड्रीम्स परिसर के योगाभ्यास में हुए शामिल



देहरादून में योगाभ्यास करते सतपाल महाराज व अन्य ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** काबीना मंत्री सतपाल माहराज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सामूहिक योग प्रदर्शन का नेतृत्व करना भारत की बढ़ती ताकत और योग की शक्ति को दर्शाता है। इस दौरान उन्होंने लोगों से जीवन में योग को अपनाने की अपील की।

उक्त बात "विश्व योग दिवस" पर सहस्त्रधारा रोड स्थित दून डिफेंस ड्रीम्स परिसर में आयोजित योगाभ्यास के दौरान लोक निर्माण मंत्री सतपाल माहराज ने कही। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि "विश्व योग दिवस" की शुरुआत हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र में रखे गए प्रस्ताव से ही हुई थी।

इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 की थीम 'वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग' है। वसुधैव कुटुंबकम का अर्थ है पूरी धरती ही एक परिवार है। अर्थात सभी लोग अपने स्वास्थ्य के लिए योग करें। महाराज ने कहा कि प्रसन्नता की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व कर रहे हैं। 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री द्वारा अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सामूहिक योग प्रदर्शन का नेतृत्व करना भारत की बढ़ती ताकत और योग की शक्ति को दर्शाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2014 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना के मसौदे का प्रस्ताव भारत द्वारा किया गया था। जिसका रिकॉर्ड 175 सदस्य देशों द्वारा समर्थन किया गया। उन्होने कहा कि योग के अभ्यास होने वाले कई लाभों के बारे में दुनिया भर में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 मनाया जा रहा है। महाराज ने कहा कि हर दिन योग करने से आपको अनगिनत लाभ होते हैं। यह हमारी शारीरिक सदृढता को बढ़ाने के साथ—साथ मानसिक चिंताओं को कम करने और तनाव से भी छुटकारा दिलाता है। आज की दुनिया में स्वस्थ रहना निश्चित रूप में सबसे बड़ा धन है। इसलिए हम सभी प्रधानमंत्री की अपील के अनुरूप योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ रहें। इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा, दून डिफेंस ड्रीम्स के निदेशक हरिओम चौधरी, अंकिता तनेजा एवं वेदिका मिश्रा सहित अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## बाडियूं गांव के ग्रामीण नयार नदी का पानी पीने को मजबूर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** विकासखंड बीरोंखाल के अंतर्गत बाडियू गांव में दस दिनों से पानी की किल्लत बनी हुई हैं। ग्रामीण पूर्वी नयार नदी का पानी पीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी की यदि शीघ्र गांव में पानी कि आपूर्ति बहाल नही की गई तो जलसंस्थान कार्यालय स्यूंसी में आंदोलन किया जाएगा।

बाडियू गांव निवासी प्रदीप सिंह,शिव सिंह रावत,संगीता देवी, बबीता देवी, शीला देवी, बिनीता देवी, अनीता देवी, अंजू देवी आदि ने बताया कि उनके गांव के लिए बाडाडांडा—भमरईखाल पेयजल योजना से पानी की आपूर्ति होती थी लेकिन विभागीय कर्मचारियों की उदासीनता के चलते दस दिनों से नलों पर पानी की बूंद तक नहीं टपक रही हैं। जिससे वहां पूर्वी नयार नदी का पानी पीने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने यहां भी कहना हैं कि इन दिनों प्रवासी लोंगों की भीड़ लगी हुई हैं परंतु पानी की आपूर्ति सुचारू नहीं होने से काफी दिक्त हो रही हैं। ग्रामीणों ने शीघ्र पानी आपूर्ति बहाल करने की मांग करी हैं। जलसंस्था पौड़ी अधिशासी अभियंता शिव प्रसाद राय से संर्पक करने पर बताया कि बाड़ियू गांव में पानी नहीं आने की सूचना मिली हैं। जेई से पूरी जानकारी ली जा रही हैं।

## शहर की समस्याओं को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**पौड़ी :** नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने शहर की विभिन्न समस्याओं के हल की मांग उठाई है। समिति ने विधायक को ज्ञापन देकर जल्द ही शहर की समस्याएं हल करने की मांग उठाई है। बुधवार को समिति के पदाधिकारियों ने विधायक राजकुमार पोरी को ज्ञापन देते हुए शहर में निर्माणाधीन बस स्टेशन और पॉलीटेक्निक भवन का जल्द निर्माण कार्य पूरा करने, रांसी में पर्यटक आवास गृह के निर्माण की गुणवत्ता में सुधार कर इसे गढ़वाल मंडल विकास निगम को हस्तांतरित करने, करोड़ों रुपये खर्च के बाद बनी ल्वाली झील में हुए भ्रष्ट्राचार की उच्चस्तरीय जांच करने और झील का निर्माण कार्य फिर से करवाने की मांग उठाई है। कहा कि शहर में पुरानी जेल में संग्रहालय बनाने की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्रियों ने की थी लेकिन अभी तक इस संग्रहालय निर्माण के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है। उन्होंने इस संग्रहालय का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने, बदरीनाथ धर्मशाला को प्राइवेट हाथों में ना सौंपने, शहर में पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए बहुमंजिला पार्किंग व्यवस्था पर कार्य शुरू करते हुए पार्किंग व्यवस्था को सुचारू ढंग से संचालित करने की मांग उठाई है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सचिव गबर सिंह नेगी, हीरा रावत, गरीश बड़थ्वाल, नीमा, ठाकुर सिंह, आलम सिंह, बिमल नैथाणी, नरेश चंद्र नौड़ियाल, कुसुम नेगी आदि शामिल रहे।

## किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, मुकदमा दर्ज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** कोतवाली क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाल गोविंद कुमार ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री सुबह घर से बाजार के लिए निकली थी। जिसके बाद वह देर शाम तक वापस नहीं लौटी। बताया कि पुत्री की काफी खोजबीन करने पर भी उसका कहीं पता नहीं चल पाया। उन्होंने एक युवक पर उनकी पुत्री को बहला—फुसलाकर भगाने का आरोप भी लगाया। पिता ने पुलिस से अपनी पुत्री की सकुशल घर वापसी की गुहार लगाई है। बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। लापता किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

## भाजपा महिला मोर्चा ने नव मतदाताओं को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला कोटद्वार के नेतृत्व में नगर मंडल कोटद्वार नव मतदाता युवती सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें युवतियों को मतदाता बनने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक रजनी बिष्ट ने कहा कि नव मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें मतदान का संवैधानिक अधिकार मिलने पर स्वतन्त्र मताधिकार का उपयोग कर सुयोग्य प्रतिनिधि चुनने का अधिकार मिला हैं। निडर निर्भीक होकर बिना किसी लोभ लालच के देश व अपने भविष्य को ध्यान में रख कर अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने का संकल्प हम सभी के मन में होना चाहिए। आकांक्षा, प्रतीक्षा, ख्वाइस रावत, दिशा बिष्ट, लक्ष्मी सैनी, सविता नव मतदाता बनने पर बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि हम आने वाले चुनावों में अपने अमूल्य मताधिकार का प्रयोग करेंगे। लक्ष्मी रावत जिला महामंत्री ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में भारत सरकार की एक-एक योजना गरीब कल्याण के लिए समर्पित रही है, सबका साथ-सबका-विकास सबका-प्रयास सबका-विश्वास की भावना को समेटे हुए ये गरीब कल्याण की योजनाएं आगे बढ़ रही है। इस मौके पर सहसंयोजक सुषमा जोशी, जिला महामंत्री लक्ष्मी रावत, मीनू डोबरियाल, जिला मंत्री आशा ध्यानी, जिला कोषाध्यक्ष माहेश्वरी बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष सविता खंडूरी, मंडल अध्यक्ष भाबर रामेश्वरी नेगी, नगर मंडल अध्यक्ष नीना बैंजो, कोषाध्यक्ष संतोष रावत, भाबर मंडल प्रभारी यशोदा नेगी, जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक रजनी बिष्ट आदि उपस्थित रहे।



नव मतदाताओं को सम्मानित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री लक्ष्मी रावत।

# सीएम धामी हुए मां वाराही धाम देवीधुरा में आयोजित पंच दिवसीय विश्व कल्याण महायज्ञ मे शामिल





चंपावत। जनपद चम्पावत के मां वाराही धाम देवीधुरा में आयोजित पंच दिवसीय विश्व कल्याण महायज्ञ में पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने महायज्ञ में शामिल होकर माँ वाराही से प्रदेश व देश की खुशहाली, शांति व समृद्धि की मंगल कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा 'माँ वाराही धाम की वेबसाईट' को लांच किया गया व हीरा वल्लभ जोशी द्वारा लिखित 'श्री वाराही मंदिर देवीधुरा' पुस्तक का विमोचन किया गया।

मुख्यमंत्री ने सभी को योग दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामना देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के एक दृढ़ संकल्प से प्रारंभ हुई यह यात्रा यहां तक पहुंची है। आज ही के दिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा योग को पूरे विश्व स्तर पर पहचान दिलाई गई और संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून 2015 को योग दिवस मनाने की घोषणा की। आज के दिन को पूरे विश्व के 175 देश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी गौरवशाली सनातन संस्कृति का मूल आधार ''वसुदेव कुटुंबकम'' है। जो सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार का रूप मानता है। इसी सिद्धांत को केंद्र में रखते हुए इस वर्ष से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग'' की गई है। योग आज पूरी दुनिया के करोड़ों लोगों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गया है। जो विश्व को भारतीय संस्कृति के साथ और अधिक प्रगाढ़ता से जोड़ने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सभी को अपनी दैनिक दिनचर्या में योग अपनाना चाहिये। जीवन का हर सुख निरोगी काया हैं। योग से ही निरोगी बना जा सकता है।

इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा पाटी क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में भी जनता को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर सांसद श्री अजय टम्टा द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि, आज के दिन को पूरे विश्व में योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की पहल पर ही हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश का निरंतर विकास हो रहा है। उनके द्वारा युवाओं के सुनहरे भविष्य को देखते हुए नकल विरोधी कानून लाया गया है। मानसखंड की श्रृंखला बनाकर कुमाऊं के सभी धामों को राष्ट्रीय एवं विश्व स्तर पर लाने हेतु मुख्यमंत्री जी द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद के विकास के लिए अनेक घोषणाएं भी की गयी। जिसमें अंतरजनपदीय मोटर मार्ग जनपद चंपावत के वल्का–सिलयोड़ीगूठ मोटर मार्ग से ग्राम चौड़ागूठ के तोक अल्यूरा होते हुए जनपद अल्मोड़ा के तोक कनोली व सिरकोट से होते हुए जैती–भनोली मोटर मार्ग तक प्रस्तावित अल्यूरा जमाड़ सड़क का निर्माण, राजकीय आदर्श महाविद्यालय देवीधुरा में एम0ए की कक्षाओं का संचालन स्नातक स्तर पर भूगोल, इतिहास, शिक्षा शास्त्र विषयों की बढ़ोतरी महाविद्यालय को जोड़ने वाली सड़क का डामरीकरण, पखोटी बैंड से पखोटी बैरख 5 कि0मी0 कच्चे मोटर मार्ग का सुधारीकरण एवं डामरीकरण, केदारनाथ गैस गोदाम से भैसर्खा तक 2.5 किलोमीटर कच्चे मोटर मार्ग का सुधारीकरण एवं डामरीकरण, च्युरानी– जमरेड़ी मोटर मार्ग की मरम्मत एवं डामरीकरण किया जाएगा, लोहाघाट डाइट में डीएलएड का प्रशिक्षण शुरू कराया जाएगा जिसके लिए बच्चों को अब डीडीहाट नहीं जाना पड़ेगा लोहाघाट डाईट में ही प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा, देवीधुरा स्थित चिकित्सालय के उच्चीकरण की औपचारिकताएं पूरी की जाएगी।

# अधिकारी एक घंटा कार्यालय में सुनें लोगों की समस्या

बागेश्वर। अपर सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग वीरेंद्र पाल सिंह ने अधिकारियों को अपने कार्यालय में रोजाना एक घंटा जनता की समस्याओं को सुनने के निर्देश दिए। साथ ही विकास कार्यों में गुणवत्ता व तय समय सीमा के भीतर पूरा करने, अधिकारियों से स्वयं गांव में जाकर जन समस्याओं को सुनने और कार्यों का निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।विकास भवन सभागार में बुधवार को जनपद के अधिकारियों संग बैठक में उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के निदान के लिए गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग योजना को तैयार करते समय भूमि संबंधी प्रकरणों को अच्छी तरह से देख लें, ताकि योजना को स्वीकृत कराने में किसी प्रकार की तकनीकी दिक्कत न हो।उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ठेकेदार को भुगतान से पूर्व इस आशय का प्रमाण पत्र लें कि उसके द्वारा मांग के अनुसार परिवारों तक पेयजल कनेक्शन दे दिया गया है। इस प्रमाण पत्र को मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराएं। साथ ही अन्य विकास कार्यों की उपयोगिता प्रमाण पत्र भी संबंधित अधिकारी को देने के निर्देश दिए। यदि विकास कार्य संपादित काराने में किसी तकनीकी विशेषज्ञ की आवश्यकता हो तो संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में मांग की जा सकती है।

अपर सचिव ने कहा कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करें। बैंकों व विभागों में आपसी तालमेल के साथ कार्य हो। साथ ही स्वरोजगार के लिए किए गए आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करें तथा शिक्षण संस्थानों में रोजगार संबंधी प्रशिक्षण आयोजित कराएं। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि महिलाओं को दिए जाने वाले पोषण सामग्री में किसी प्रकार बढ़ोतरी की आवश्कता होती है, तो वह स्वास्थ विभाग से परामर्श लेकर संबंधित को प्रस्ताव भेजें। उन्होंने कहा कि अधिकारी ऐसी योजना बनायें जिससे पलायन को रोका जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत,मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, महाप्रंधक उद्योग जीपी दुर्गापाल, समाज कल्याण अधिकारी हेम तिवारी आदि मौजूद रहे।

## बाग में फंदे पर लटका मिला ठेकेदार का शव

रुद्रपुर। आम के बाग में ठेकेदार ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मरियमपुर नंबर 1 निवासी विकास (28) पुत्र चतर सिंह ने बुधवार को सेंट मेरी अस्पताल के पास स्थित आम के बाग में पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। इसकी सूचना परिजनों को मिली तो उनमें कोहराम मच गया। सूचना पर एसआई देवेंद्र मनराल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा। वहीं परिजनों ने पुलिस को बताया कि विकास ने हाल ही में इस बाग को ठेके पर लिया था. लेकिन उसको नुकसान हुआ था। इससे वह अवसाद में चल रहा था। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# बाईक से स्मैक तस्करी कर रहे बरेली के 2 तस्कर गिरफ्तार




अल्मोड़ा। अल्मोड़ा पुलिस ने 5.92 लाख की स्मैक के साथ बरेली के दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा जनपद के समस्त सीओ, थाना प्रभारियों व एसओजी/एएनटीएफ प्रभारियों को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं एवं स्कूली छात्रों को नशे के जाल से बचाने हेतु जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री करने वाले नशा तस्करों पर सतर्क दृष्टि रखकर कड़ी कार्यवाही किये जाने हेतु सख्त निर्देश दिये गये हैं।

क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा विमल प्रसाद व सीओ ऑपरेशन ओशीन जोशी के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा अरुण कुमार के नेतृत्व में कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस व एसओजी/एएनटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार 20 जून की रात्रि में चेकिंग के दौरान सिकुड़ा बैंड एनटीडी तिराहे के पास मोटरसाइकिल संख्या यूपी25डीक्यू –2085 में सवार अभियुक्त सुरेश पाल(36 वर्ष) के कब्जे से 13.20 ग्राम व अभियुक्त भूपेन्द्र कुमार(38 वर्ष) के कब्जे से 46 ग्राम स्मैक बरामद करते हुए अभियुक्तगण को गिरफ्तार व स्मैक तस्करी में प्रयुक्त मोटर साईकिल को सीज करते हुए कोतवाली अल्मोड़ा में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई है। पूछताछ में अभियुक्तगणों ने बताया कि उनका उद्देश्य बरेली, उत्तर प्रदेश से स्मैक लाकर छोटी–छोटी पुड़िया बनाकर अल्मोड़ा में युवाओं को बेचकर उनको नशे का आदी बनाकर आर्थिक लाभ अर्जित करना था। दोनों अभियुक्त बरेली के रहने वाले हैं। बरामद स्मैक की कीमत पाँच लाख, बानवे हजार रूपये आंकी गई है। यहाँ पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिनेश सिंह परिहार, प्रभारी चौकी धारानौला, भूपेन्द्र पाल, मनमोहन सिंह, विरेन्द्र सिंह बिष्ट, कांस्टेबल राकेश भट्ट शामिल रहे।

# रानीधारा मार्ग में टूटी दीवार के निर्माण को लेकर अधिशासी अधिकारी से मिला शिष्टमंडल



अल्मोड़ा। आज सभासदों का एक शिष्टमंडल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी से मिला। सभासदों ने बताया गया कि रानीधारा स्थित ग्रेस स्कूल के पास की दीवार अभी तक नहीं बनी है, जिस कारण से वहाँ पर सीवर लाइन का कार्य भी रुका पड़ा है और आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया कि सीवर लाइन का काम भी रुका पड़ा है और तत्काल से अगर वह दीवार नहीं बनी तो कोई दुर्घटना भी वहाँ पर घट सकती है, साथ ही आम जनता को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिष्टमंडल ने दीवार को तत्काल से बनाने के लिए कार्यवाही करने की मांग की। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि बजट के अभाव के कारण कुछ दिक्कत आ रही है लेकिन इस दीवार के निर्माण का कार्य शीघ्र अति शीघ्र शुरू हो जाएगा। यहाँ वार्ता करने वालों में लक्ष्मेश्वर वार्ड के सभासद अमित साह मोनू, एनटीडी के सभासद सौरभ वर्मा, नामित सभासद अर्जुन बिष्ट चीमा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## लाभार्थी सम्मेलन में बताई केंद्र और प्रदेश की उपलब्धियां

रुद्रपुर। ब्लॉक सभागार में लाभार्थी सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने प्रधानमंत्री मोदी के देश को आत्मनिर्भर बनाने को लिए गए निर्णयों की जानकारी दी।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पीएम आवास योजना में घर देना, हर घर शुद्ध पेयजल देने जैसी योजनाओं से सबका विकास हुआ है। नौ वर्ष में केंद्र सरकार पर कोई भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। पूर्व की सरकारों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे ओर आरोप तय भी हुए जो न्यायालयों में विचाराधीन हैं। उन्होंने आयुष्मान योजना, किसान सम्मान योजनाओं का जिक्र किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, ब्लॉक प्रमुख कमलजीत कौर, विधायक प्रतिनिध पलविंदर सिंह औलख, उदय राणा, दीपक गुप्ता, पंकज रावत, मयंक अग्रवाल, सचिन गंगवार मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने गगनपुर में टिफन लेकर कार्यकर्ताओं के साथ सहभोज किया।

# अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा में प्रतिभाग करने नीलिमा भट्ट जर्मनी रवाना

अल्मोड़ा। बाल अधिकार कार्यकर्ता, जेजेबी बोर्ड सदस्य और अमन कार्यकर्ता नीलिमा भट्ट बाल अधिकारों पर कार्य करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था टेरेस–दस–होम(टीडीएच) द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा में अमन संस्था की ओर से भाग लेने के लिए जर्मनी रवाना हो गई हैं। प्रतिनिधि सभा में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों के कुल 42 देशों के प्रतिनिधि चुने जाते हैं जो इस कार्यक्रम में हिस्सा लेते हैं। इस प्रतिनिधि सभा के लिए दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया, अफ्रीका, दक्षिणी अमेरिका तथा यूरोप देशों से प्रतिनिधि चुने जाते हैं। हर साल यह प्रतिनिधि सभा आयोजित होती है। जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बच्चों के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों और अभियानों पर निर्णय लेती है। इस बार की तीन दिवसीय प्रतिनिधि सभा आगामी 23, 24 और 25 जून को जर्मनी के ओसना ब्रुक में आयोजित होगी। नीलिमा भट्ट इसमें हिमालय इकोलॉजी को लेकर अपना प्रस्तुतिकरण देंगी। इस प्रतिनिधि मंडल में भारत से प्रतिभाग करने वाली अमन संस्था ऐसी पहली संस्था है जिसे इसमें प्रतिभाग करने का दूसरी बार मौका मिला है। बच्चों के लिए विभिन्न अभियानों में सक्रिय रूप से कार्य करने वाली नीलिमा इससे पहले बाल कल्याण समिति की सदस्य भी रह चुकी हैं और वर्तमान में किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य हैं।

## वन कर्मियों से मारपीट के तीन आरोपियों पर मुकदमा

रुद्रपुर। बाइकों में खैर की लकड़ी लादकर ले जा रहे तीन लोगों ने रोकने पर वन कर्मियों के साथ मारपीट कर दी। वन दरोगा की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वन दारोगा भूपाल सिंह टंगडि़या ने तहरीर में बताया कि वन कर्मचारी अजय सिंह, बची सिंह, किशन सिंह, पप्पू सिंह, कुंदन सिंह व राजू बीती रात करीब साढ़े 11 बजे गश्त पर थे। इस दौरान कटपुलिया एंटी पोचिंग चौकी के समीप सामने से तीन अलग–अलग बाइकों में खैर प्रकाष्ठ लादे बंगाली कॉलोनी निवासी मुरारी, गोलाई ढाई नंबर निवासी अजय और श्रवण आते दिखाई दिए।

# बागेश्वर में सरयू घाट पर योग साधकों ने किया अनुलोम—विलोम

बागेश्वर। नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के तीन प्रमुख स्थानों समेत 11 वैलनेस सेंटरों पर बुधवार को योगाभ्यास का आयोजन किया गया। सरयू घाट बागनाथ मंदिर में आयोजित योगाभ्यास में अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ ही बड़ी संख्या में आम जनमानस ने शिरकत की।

मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बसंती देव, जिलाधिकारी अनुराधा पाल, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने जीत जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। देव ने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम व समृद्ध परंपरा है।योग दिवस पर पतंजलि सेवा समिति के दीप चंद्र जोशी एवं आयुर्वेद विभाग के योग प्रशिक्षक नंदन सिंह नगरकोटी ने योगाभ्यास कराया। योगाभ्यास में सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, ग्रीह चालासन, पश्चिमोतानासन, भुजंगासन, धनुरासन, शलभासन, मंडूकासन, शसकासन, पाद हस्तासन, अर्द्ध उस्टासन आदि प्राणायामों की क्रियाएं कराईं। मुख्य अतिथि देव ने कहा कि हमारे ऋषि–मुनियों की यह महत्वपूर्ण देन है। योग साधना से हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने 'करें योग–रहें निरोग' की परिकल्पना को सार्थक बनाने के लिए सभी से अपने जीवनशैली में योग अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा योग से संपूर्ण शरीर की दिशा एवं दशा बदलती है। साथ ही जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है। सरयू घाट बागनाथ मंदिर के अलावा बैजनाथ मंदिर परिसर और 11 आयुष हेल्थ वैलनेस केंद्रों पर भी योगासन आयोजित किया गया।

## एसटीएच के वीडियो वायरल मामले में जांच समिति गठित

हल्द्वानी। सुशीला तिवारी अस्पताल में एक व्यक्ति की मौत का वीडियो वायरल होने के बाद डीएम ने सीएमओ को जांच के निर्देश दिए हैं। सीएमओ ने मामले की जांच के लिए समिति का गठन कर दिया है। जानकारी के मुताबिक एक युवक अप्रैल माह में पेड़ से गिरकर घायल हुए पिता को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में ले गया। जहां डॉक्टर ने इलाज में 4 लाख रुपये का खर्च बताया। जिसके बाद युवक पिता को सुशीला तिवारी अस्पताल ले गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# सीएम धामी ने ड्रग्स जागरुकता के लिए अल्मोड़ा पुलिस के एलईडी वीडियो वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



अल्मोड़ा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद अल्मोड़ा के जागेश्वर धाम में योग कार्यक्रम में शिरकत की। योग कार्यक्रम के समापन के उपरांत मुख्यमंत्री धामी द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 के क्रम में ड्रग्स जागरुकता हेतु एएनटीएफ अल्मोड़ा द्वारा बनवाए गए जूट बैग, जूट फाईल कवर आदि को बच्चों व युवक/युवतियों को वितरित किया गया।

जनमानस में ड्रग्स जागरुकता फैलाने हेतु अल्मोड़ा पुलिस की नई पहल एलईडी वीडियो वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को सफल बनाने हेतु एसएसपी अल्मोड़ा के प्रयासों की सराहना की गई। ड्रग जागरूकता वाहन का उद्देश्य जन–जन को ड्रग्स के दुष्परिणामों से जागरूक करना है।

# देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की महानगर कार्यकारिणी घोषित



हल्द्वानी। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय गुरुनानक मार्केट में महानगर कार्यकारिणी की घोषणा की। अध्यक्ष घनश्याम वर्मा समेत अन्य पदाधिकारियों ने नई कार्यकारणी का स्वागत किया। आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारणी महानगर इकाई के ज्वलंत मुद्दों को लेकर काम करेगी। महानगर ईकाई में कार्यकारी अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल, महामंत्री नेत्र बल्लभ जोशी, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र उपाध्याय, मनोज गुप्ता, कार्तिक दास, सचिव भुवन चंद्र दानी, सचिन जोशी, संयुक्त सचिव राजेश वर्मा, अमित बुधलाकोटी, संगठन मंत्री अंकित गुप्ता, नरेश कुमार दानी, महानगर जीएसटी सलाहकार पवन गुप्ता, चिकित्सा सलाहकार डॉ. राजीव गुप्ता, मीडिया प्रभारी नासिर हुसैन सिद्दकी, प्रचार मंत्री आफताब आलम, रितेश जोशी, कार्यकारिणी सदस्य हरीश चंद्र पांडे बनाए गए हैं। वहीं युवा महानगर अध्यक्ष पवनित नागपाल, मंडल महामंत्री युवा भूपेश बिष्ट, महानगर महामंत्री युवा जतिन अग्रवाल को बनाया है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, महामंत्री राजकुमार केसरवानी ने महानगर इकाई की विधिवत घोषणा की। संचालन युवा मंडल अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने किया।

## गौवंश के हत्यारोपियों पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। सिडकुल सेक्टर दो में गौवंश के शव मिलने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मंगलवार को पारले चौक के पास गौवंश के सिर और कुछ अवशेष नाले मे मिले थे। पुलिस ने गौवंश के शव को कब्जे में ले लिया था। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद और अन्य संगठनों के लोग मौके पर पहुंच गए थे और गौवंश की हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए थे।

# बेलड़ा प्रकरण के दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो : आर्य

हल्द्वानी। रुड़की के बेलड़ा गांव मामले में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मीडिया को बयान जारी कर आर्य ने कहा कि बेलड़ा गांव में दलित युवक पंकज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि हत्या को हादसा दिखाने का प्रयास किया गया है, पंकज की बाइक पर ट्रैक्टर ट्रॉली चढ़ाई गई है। ये घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि घटना में महिलाओं को भी निर्ममता से पीटा गया है, जबकि एक युवक अस्पताल में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है। इस घटनाक्रम में कुछ ऐसे निदोष लोगों पर कार्रवाई की गई है जो मृतक युवक के परिजनों को सांत्वना देने आए थे। जिन लोगों ने पुलिस अधिकारियों पर हमला किया है, वह निंदनीय है। लेकिन निदोष लोगों पर पुलिस ने बर्बरता पूर्वक जो लाठीचार्ज किया गया है वह भी सही नहीं है। आर्य ने सरकार से मांग की कि, जेल में बंद निदोष लोगों को तत्काल रिहा कर और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। प्रकरण में जो भी दोषी हैं, उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

## संदिग्ध हालत में युवक की मौत

हल्द्वानी। कालाढूंगी के हरिपुर धमोला में बुधवार सुबह नहर किनारे संदिग्ध हालात में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस के अनुसार मूल पवलगढ़ बैलपड़ाव और हाल हरिपुर धमोला निवासी दीपक कुमार (35) बुधवार सुबह क्षेत्र के एक नहर किनारे संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला।

## सम्पादकीय

### एक मुश्किल लक्ष्य, नशा मुक्त उत्तराखंड

समाज के लिए उसका नशा मुक्त होना एक आवश्यक पहलू है लेकिन जब नशे का कारोबार किसी राज्य में फल फूल रहा हो तो समझ लेना चाहिए कि अमुक प्रदेश का सुरक्षा तंत्र महक खोखले दावे ही पेश कर रहा है। उत्तराखंड भी पिछले कुछ समय से नशे के गर्त में जा रहा है और बड़ी संख्या में युवाओं का रुझान विभिन्न तरह के नशे की ओर दिखाई दिया है। नशे की बड़ी खेप उत्तराखंड के बाहरी राज्यों से की जाती है जिनका नेटवर्क तोड़ पाने में उत्तराखंड पुलिस को अभी तक कोई बड़ी सफलता हाथ नहीं लग पाई है। आए दिन पुलिस नशा बेचने वालों को गिरफ्तार तो करती है लेकिन महत्वपूर्ण विषय यह है कि नशे के बड़े कारोबारी और सरगना क्यों बेनकाब नहीं होते। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रथम बार मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद से ही नशा मुक्त उत्तराखंड को अपनी प्राथमिकताओं में रखा है लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद भी उत्तराखंड से नशे का कारोबार समाप्त नहीं हो पाया है। मैदान से लेकर पहाड़ो तक नशा बिक रहा है और जो पकड़े जाते हैं वह केवल एक छोटी कड़ी है जिनसे पूछताछ के बाद भी समस्या का मुख्य सिरा पुलिस के हाथ नहीं लगता। होना तो यह चाहिए कि जिस प्रकार एसटीएफ, एसआईटी एवं पुलिस की दूसरी इकाइयां खास तरह के अपराधों के लिए गठित की गई है, इसी तरह नशे के कारोबार को रोकने के लिए राज्य के गठन की आवश्यकता नजर आने लगी है जो केवल नशा कारोबारियों और इसकी तस्करी रोक लगाने के लिए ही वजूद में लाई जाए। फोर्स का 100 प्रतिशत लक्ष्य केवल नशे की रोकथाम की दिशा में ही हो तभी नशा मुक्त उत्तराखंड की अवधारणा फलीभूत होने की कुछ संभावनाएं हैं। हालांकि मुख्यमंत्री साफ संकेत दे चुके हैं कि नकल विरोधी कानून की तरह ही नशे को जड़ से मिटाने के लिए अलग कानून ला सकते हैं और इसी को ध्यान में रखते हुए वर्तमान दौर से ही नशा माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश एक बार फिर मुख्यमंत्री की ओर से दिए गए हैं। लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि 2025 तक उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाया जाए और इसके लिए अफसरों की जिम्मेदारी भी तय करने की तैयारी सरकार कर रही है। एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इस कारोबार को रोकने के लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित होना बेहद जरूरी है और इसके लिए व्यवस्था की जा रही है कि उत्तराखंड पुलिस विभाग के अफसरों और जवानों को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में प्रतिनियुक्ति व प्रशिक्षण के लिए भेजा जाना चाहिए। नशे के कारोबार का नेटवर्क उत्तराखंड के बाहरी प्रदेशों से संचालित हो रहा है जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ राज्य प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। बड़ी संख्या में यहीं से ड्रग सप्लाई की जाती है जो उत्तराखंड के चप्पे–चप्पे में बड़ी आसानी से छोटे–छोटे पेडलर्स के माध्यम से पहुंचती है। ऐसा नहीं है कि पुलिस नशे के कारोबार से जुड़े सरगनाओं की जानकारी नहीं रखती लेकिन समस्या यह है कि इन तक पहुंचना कोई आसान काम नहीं है। नशे का सेवन करने वालों में सबसे बड़ी संख्या आज युवाओं के तौर पर सामने आ रही है और इसी कड़ी को तोड़ना सबसे महत्वपूर्ण है। इसके लिए जहां जागरूकता कार्यक्रम है महत्वपूर्ण प्रयास है तो वहीं विभिन्न शिक्षण संस्थानों के आसपस मुखबिर तंत्र को सक्रिय करना बेहद ही जरूरी है। सरकार नशा मुक्त उत्तराखंड की दिशा में संकल्पित है लेकिन बिना संसाधनों एवं कड़े कानून के बिना इस मुश्किल लक्ष्य को हासिल करना बेहद मुश्किल है।

# मॉनसून, अल नीनो और खेती का संकट

**अजीत द्विवेदी**



देश में मौसम का मिजाज बिगड़ा है। पश्चिम के दो बड़े राज्यों गुजरात और राजस्थान में चक्रवाती तूफान बिपरजॉय से तबाही मची है। इस तूफान के असर से राजधानी दिल्ली में भी बारिश हुई है और हरियाणा में भी असर दिखा है। तूफान के गुजरात में जकाऊ बंदरगाह से टकराने से पहले महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भी भारी बारिश हुई लेकिन उसके बाद वहां का मौसम सामान्य हो गया। दूसरी ओर देश के पूर्वी हिस्से में खास कर पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा में भीषण गर्मी पड़ रही है। लू चलने की वजह से बिहार और उत्तर प्रदेश में एक सौ के करीब लोगों की मौत हो गई है और सैकड़ों लोग अस्पताल में भर्ती हुए। तीसरी परिघटना यह है कि पूर्वोत्तर में भारी बारिश हो रही है, जिससे असम से लेकर सिक्किम तक में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। देश के अलग अलग हिस्सों में मौसम का ऐसा अतिरेक क्यों देखने को मिल रहा है, यह समझना मुश्किल काम नहीं है। जलवायु परिवर्तन की वजह से इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। इस बीच यह खबर आई है कि धरती का तापमान औद्योगिक युग से पहले के औसत से डेढ़ डिग्री ऊपर पहुंच गया है। यह एक मानक तय किया गया था और जलवायु परिवर्तन पर काम करने वाले वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी थी कि धरती का तापमान डेढ़ डिग्री के थ्रेसहोल्ड से ऊपर जाएगा तो धरती के बाशिंदों का जीवन मुश्किल होगा। वह मुश्किल शुरू हो गई है।

भारत में यह मुश्किल इस साल कुछ ज्यादा महसूस होने वाली है क्योंकि मॉनसून के आगमन की खबर के साथ ही यह भी खबर आई है कि यह साल अल नीनो का है। अल नीनो का दुनिया पर जो भी असर हो लेकिन भारत के लिए यह बहुत खराब होता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 65 साल में 14 बार अल नीनो का प्रभाव हुआ है, जिसमें नौ साल भारत में भयंकर सूखा पड़ा है। बाकी पांच मौकों पर भी कम बारिश हुई है। सो, अल नीनो का भारत के लिए मतलब सूखा होता है। अल नीनो को सरल शब्दों में समझें तो कह सकते हैं कि प्रशांत महासागर में जब समुद्र की सतह का तापमान बढ़ता है तो अल नीनो के हालात बनते हैं। इस साल जिस तरह मार्च–अप्रैल से गर्मी पडऩी शुरू हुई, उससे अल नीनो के आसार बन रहे थे। लेकिन इसकी पुष्टि जून के पहले हफ्ते में हुई।

आमतौर पर भारत में दक्षिण पश्चिम मॉनसून एक जून तक आ जाता है। लेकिन इस बार एक हफ्ते से ज्यादा की देरी के साथ आठ जून को मॉनसून केरल के तट पर पहुंचा। असल में अरब सागर के ऊपर एक साइक्लोनिक सरकुलर बन गया था, जिसकी वजह से मॉनसून आगे नहीं बढ़ पा रहा था। आठ जून को केरल पहुंचने के बाद भी वह सामान्य गति से आगे नहीं बढ़ा। इसकी वजह से पूर्वी भारत के राज्यों में मॉनसून की बारिश का इंतजार लंबा हो गया और करोड़ों लोग भीषण गरमी की मार झेलने को मजबूर हुए। एक रिपोर्ट के मुताबिक जून का तीसरा हफ्ता शुरू होने तक दक्षिण पश्चिम मॉनसून से जितनी बारिश होनी चाहिए थी उससे 37.2 फीसदी कम बारिश हुई है। इसका साफ मतलब है कि अल नीनो का असर दिखना शुरू हो गया है। देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से कम बारिश हो रही है।

मॉनसून की बारिश कम होने का दो असर भारत के ऊपर होता है। पहला तो खेती प्रभावित होती है क्योंकि भारत में मोटे तौर पर खेती दक्षिण पश्चिम मॉनसून पर निर्भर है। देश में 50 फीसदी खेती मॉनसून की बारिश से होती है। कम बारिश होने का सीधा असर खरीफ की पैदावार पर होता है। खरीफ में भी धान सबसे मुख्य फसल है, जिसकी खेती में बहुत ज्यादा पानी की जरूरत होती है। इसके लिए या तो मॉनसून की बारिश पर निर्भरता है या भूजल के पानी पर। भारत में खेती के लिए जमीन के अंदर से इतना पानी खींचा गया है कि कई राज्यों में जमीन बंजर होती जा रही है। भारत में कम पानी के जरिए धान की खेती को नहीं अपनाया गया है। वह एक अलग बहस का विषय है। लेकिन देर से बारिश होने और कम बारिश होने का असर धान की खेती पर होगा। सरकार को इसका अंदाजा है तभी चावल के भंडारण को लेकर नए नियमों की घोषणा की गई है। सरकार को अंदाजा है कि इस साल धान की पैदावार कम हो सकती है। ध्यान रहे भारत की जीडीपी में भले कृषि का हिस्सा 20 फीसदी का है, लेकिन कृषि पर निर्भर आबादी 60 फीसदी के करीब है। इसलिए खेती प्रभावित होने का असर ज्यादा बड़ी आबादी पर होता है। इससे खाने पीने की चीजों की महंगाई भी बढ़ती है, जिसका असर परोक्ष रूप से ही सही लेकिन नौकरीपेशा मध्य वर्ग भी महसूस करता है।

मॉनसून की बारिश कम होने का दूसरा असर पीने के पानी पर महसूस होता है। देश के कई हिस्सों में अभी से सूखे के हालात बन गए हैं। तालाब और नदियां सूख गए हैं। उनका जलस्तर बहुत नीचे चला गया है। पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बुंदेलखंड इलाके से लेकर महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक जैसे कई राज्यों में पानी की कमी होने लगी है। जल संरक्षण के कई उपायों का प्रचार होने के बावजूद भारत में पीने से लेकर रोमजर्रा के कामकाज तक के लिए पानी की जरूरत मॉनसून में हुई बारिश के पानी से ही पूरी हो पाती है। अगर मॉनसून की बारिश कम होती है तो गांवों और छोटे कस्बों से लेकर महानगरों तक में पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी।

अल नीनो की पुष्टि, मॉनसून की देरी और मॉनसून के धीमी रफ्तार से आगे बढऩे के बावजूद कुछ कारणों से भारत की उम्मीद कायम है। एक कारण तो यह है कि हिमालय के क्षेत्र में अच्छी बर्फबारी हुई है। सो, अगर प्रशांत महासागर की ओर से आने वाली हवा मॉनसून को रोकेगी तो हिंद महासागर से आने वाली हवा इसको आगे बढऩे में मदद कर सकती है। उम्मीद का दूसरा कारण यह है कि भारत में 75 फीसदी बारिश जुलाई से अक्टूबर के बीच होती है। सो, अगर जून में मॉनसून की रफ्तार कुछ कम रहती है या कम बारिश होती है तो उसकी भरपाई जुलाई और उसके बाद के महीनों में हो सकती है।

**मॉनसून की बारिश कम होने का दो असर भारत के ऊपर होता है। पहला तो खेती प्रभावित होती है क्योंकि भारत में मोटे तौर पर खेती दक्षिण पश्चिम मॉनसून पर निर्भर है। देश में 50 फीसदी खेती मॉनसून की बारिश से होती है। कम बारिश होने का सीधा असर खरीफ की पैदावार पर होता है। खरीफ में भी धान सबसे मुख्य फसल है, जिसकी खेती में बहुत ज्यादा पानी की जरूरत होती है। इसके लिए या तो मॉनसून की बारिश पर निर्भरता है या भूजल के पानी पर। भारत में खेती के लिए जमीन के अंदर से इतना पानी खींचा गया है कि कई राज्यों में जमीन बंजर होती जा रही है। भारत में कम पानी के जरिए धान की खेती को नहीं अपनाया गया है। वह एक अलग बहस का विषय है। लेकिन देर से बारिश होने और कम बारिश होने का असर धान की खेती पर होगा। सरकार को इसका अंदाजा है तभी चावल के भंडारण को लेकर नए नियमों की घोषणा की गई है।**

# विपक्ष पाषाण युग में !

**हरिशंकर व्यास**

अच्छा जुमला है। सोचें, नरेंद्र मोदी का अमेरिका में डंका बज रहा होगा तब नीतीश कुमार पटना में विपक्षी नेताओं को जात की राजनीति के कैसे मंत्र दे रहे होंगे? तेजस्वी, अखिलेश, ममता बनर्जी, हेमंत सोरेन क्या यह हिसाब लगाते हुए नहीं होंगे कि मैं तो अपने इलाके में मजे से जीतूंगा। तो अरविंद केजरीवाल एक राजा की कहानी सुनाते हुए होंगे। किसी को भी ख्याल नहीं होगा कि भाजपा उधर मशीनी दिमाग से सबकी कैसी–कैसी कहानियों की स्क्रिप्ट बना रही होगी। कैसे–कैसे आइडिया पर काम हो रहे होंगे?

इसलिए संयोग संभव है कि एक तरफ अमेरिका में विश्व विजेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डुगडुगी शुरू हो तो भारत में ममता बनर्जी, अभिषेक बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, स्टालिन, नीतीश कुमार, भूपेश बघेल, अशोक गहलोत, वैभव गहलोत, भूपिंदर सिंह हुड्डा, केसीआर परिवार आदि के यहा एजेंसियों की छापेमारी शुरू हो जाए। मोटा मोटी अमेरिका यात्रा से ले कर राम मंदिर कार्यक्रम तक का प्रधानमंत्री मोदी का कैलेंडर इस तरह भरा हुआ है, जिससे उनका नगाड़ा बजता हुआ और विपक्ष छापों से अधमरा होता हुआ।

ऐसा विजुअलाइजेशन नीतीश कुमार की बैठक में नहीं होना है। विपक्षी बैठकों में यह रणनीति नहीं बननी है कि छापेमारी–गिरफ्तारी केजरीवाल की हो



या अभिषेक बनर्जी की विपक्ष का जवाबी हमला साझा होना चाहिए। और इसके लिए हमारा हल्ला बोल हमारे अपने मंचों से हो। सब मान बैठे हैं कि यू ट्यूब में मोदी विरोधी लाखों दर्शकों के जो वीडियो हैं वे ही बहुत। देखो विरोध की आवाज को लाखों–करोड़ लोग सुन रहे हैं। इन्हें अंदाज ही नहीं है कि गूगल अपने एलगोरिदम में भारत के नागरिकों का डाटा लिए हुए है, जिसके जो सुनने का दिमाग है उसके आगे वही कंटेंट, वही पोस्ट वही वीडियो आ रहा है, जो ऑनलाइन आचरण से झलकता है। हैरानी होती है यह देख कर कि आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार हो या केसीआर की तेलंगाना सरकार या नीतीश और ममता बनर्जी की सरकारें या कांग्रेस की प्रदेश सरकारें उन्हीं वेबसाइटों, चैनलों और अखबारों को विज्ञापन देते हैं, जो सौ टका मोदी भक्ति में समर्पित हैं। मैं अभी जनता के मूड, ग्राउंड रियलिटी, मुद्दों की बात नही कर रहा हूं। फिलहाल मुद्दा नई चुनावी तकनीक, सोशल मीडिया, पैसे तथा एआई तकनीक का है। भाजपा उसे लपक रही है।

वह मशीनी दिमाग के उपयोग से प्रोपेगेंडा, नैरेटिव से विपक्ष को अपंग बनाने की तैयारी में है। एक जानकार का ठीक कहना था कि विपक्ष अधिक से अधिक पैसे की कमी या ईवीएम और लोगों की तकलीफों से बनी मनोदशा को भुनाने तथा एलायंस के पाषाणकालीन तरीकों में दिमाग खपाता रहेगा, जबकि अगला चुनाव माहौल पकाने के नए–अलग लेवल की तकनीक का है। विपक्ष इसके पैमाने सोच ही नहीं सकता। तभी पाषाणकालीन तरीकों से विपक्ष की चुनावी तैयारी का जुमला सटीक है। सोचें, राहुल गांधी भले अमेरिका–ब्रिटेन में जा कर अपने को सुनने वालों को मंत्रमुग्ध भले करें लेकिन नरेंद्र मोदी का यदि वहां का जादू (भले वह प्रायोजित हो) सीधे भारत में आम लोगों के बीच जैसे पहुंचेगा, क्या उसके तौर–तरीकों का कांग्रेस को भान होगा? और यदि है जवाबी तरीकों के उसके औजार क्या पाषाण युग के नहीं हैं?

**देखो विरोध की आवाज को लाखों–करोड़ लोग सुन रहे हैं। इन्हें अंदाज ही नहीं है कि गूगल अपने एलगोरिदम में भारत के नागरिकों का डाटा लिए हुए है, जिसके जो सुनने का दिमाग है उसके आगे वही कंटेंट, वही पोस्ट वही वीडियो आ रहा है, जो ऑनलाइन आचरण से झलकता है। हैरानी होती है यह देख कर कि आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार हो या केसीआर की तेलंगाना सरकार या नीतीश और ममता बनर्जी की सरकारें या कांग्रेस की प्रदेश सरकारें उन्हीं वेबसाइटों, चैनलों और अखबारों को विज्ञापन देते हैं, जो सौ टका मोदी भक्ति में समर्पित हैं। मैं अभी जनता के मूड, ग्राउंड रियलिटी, मुद्दों की बात नही कर रहा हूं। फिलहाल मुद्दा नई चुनावी तकनीक, सोशल मीडिया, पैसे तथा एआई तकनीक का है। भाजपा उसे लपक रही है। वह मशीनी दिमाग के उपयोग से प्रोपेगेंडा, नैरेटिव से विपक्ष को अपंग बनाने की तैयारी में है। एक जानकार का ठीक कहना था कि विपक्ष अधिक से अधिक पैसे की कमी या ईवीएम और लोगों की तकलीफों से बनी मनोदशा को भुनाने तथा एलायंस के पाषाणकालीन तरीकों में दिमाग खपाता रहेगा, जबकि अगला चुनाव माहौल पकाने के नए–अलग लेवल की तकनीक का है।**

# हर सिगरेट खतरनाक है

विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से जारी ताजा चेतावनी को सामयिक और सही दिशा में कहा जाएगा। संगठन ने कहा है कि ई–सिगरेट का सेवन भी सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी एक प्रमुख चिंता है।

समाज में यह गलत धारणा बनाई गई है कि ई–सिगरेट खतरनाक नहीं है। इस भ्रम के कारण कई लोग सिगरेट छोडऩे की कोशिश में इसे अपना लेते हैं। उधर नौजवान भी यह सोच कर इसकी लत पाल लेते हैं कि इसमें वह खतरा नहीं है, जो तंबाकू वाली सिगरेट में होता है। इसलिए इस सिलसिले में विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से जारी ताजा चेतावनी को सामयिक और सही दिशा में कहा जाएगा। संगठन ने कहा है कि ई–सिगरेट का सेवन भी सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी एक प्रमुख चिंता है।

डब्लूएचो के मुताबिक भारत में 15 से 30 साल की उम्र के करीब 61 फीसदी ऐसे युवा हैं, जिन्होंने ई–सिगरेट का इस्तेमाल नहीं किया है। लेकिन भविष्य में इसकी चपेट में आ सकते हैं। देश और विदेश में हुए एक अध्ययन ई–सिगरेट संबंधी खतरों पर रोशनी पड़ी है। डब्लूएचओ के अनुसार मस्तिष्क के विकास पर निकोटीन के प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों और उपकरणों में मौजूद अन्य रसायनों से संभावित खतरों के कारण नौजवान ई–सिगरेट की तरफ खिंच रहे हैं। यह अब एक प्रमुख चिंता बन गया है। खास कर भारत में देखा गया है कि युवा ई–सिगरेट के खतरों से लापरवाह होते जा रहे हैं।

स्पष्ट है, इन खतरों के बारे में जागरूकता लाने के लिए बड़े पैमाने पर मुहिम चलाने की जरूरत है। अध्ययन से सामने आया कि भारत में 51 प्रतिशत लोग, जिन्होंने पहले कभी ई–सिगरेट का इस्तेमाल नहीं किया है, वे इसके भविष्य में इस्तेमाल को लेकर उत्सुक हैं। 47 प्रतिशत भारतीयों ने ई–सिगरेट का विज्ञापन देखा है। अध्ययन में शामिल अधिकांश भारतीय पढ़े–लिखे और अमीर परिवारों से थे। इसलिए शोधकर्ताओं ने ई–सिगरेट के विज्ञापनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। भारत दनिया में तंबाकू के सबसे बड़े बाजारों में एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक लगभग 27 प्रतिशत भारतीय आबादी किसी न किसी रूप में तंबाकू का इस्तेमाल करती है। इन लोगों की इस लत को छुड़ाना एक बड़ी चुनौती है। लेकिन इस लत को छोडऩे को कोशिश में लोग दूसरी खतरनाक लत अपना लें, तो बात जस की तस रहेगी। इसलिए असल चुनौती हर प्रकार के सिगरेट के खतरों से समाज को अवगत कराने की है।

## कहीं गर्मी में पसीने की वजह से तो नहीं झड़ रहे हैं आपके बाल? जानिए कैसे करना है बचाव

गर्मियों में पसीना आना नेचुरल और बहुत ही आम सी बात है. इसे चाह कर भी रोका नहीं जा सकता है क्योंकि पसीना से आपके शरीर का तापमान मेंटेन रहता है.ये सेहत के लिए अच्छा होता है लेकिन ज्यादा पसीने आने का असर हमारे चेहरे पर तो पड़ता ही है साथ ही इसका असर बालों पर भी पड़ता है. कई लोगों का कहना है कि गर्मियों में पसीने की वजह से उनका हेयर फॉल ज्यादा होने लगता है. अब सवाल ये है की क्या पसीना सच में हेयर फॉल को बढ़ावा देता है. जानेंगे इस बारे में आगे विस्तार से. **क्या पसीने की वजह से बाल झड़ता है?** 1.विशेषज्ञ कहते हैं कि पसीने में लैक्टिक एसिड पाया जाता है. जब गर्मियों में पसीना बहता है तो ये पसीना स्कैल्प पर भी बहता है. लंबे समय तक स्कैल्प से पसीना साफ ना किया जाए तो इससे आपके स्कैल्प को नुकसान हो सकता है. लैक्टिक एसिड की वजह से स्कैल्प पर सूजन हो सकती है और बाल कमजोर हो सकते हैं. 2.आपको बता दें कि स्कैल्प में नेचुरल ऑयल होता है जिससे बाल को मजबूती मिलती है लेकिन पसीने से निकलने वाले लैक्टिक एसिड और नेचुरल ऑयल आपस में मिल जाए तो स्कैल्प के रोम छिद्र बंद हो जाते हैं।

# अन्न ही प्राण है

**अजय दीक्षित**

सीमित भौगोलिक क्षेत्र और दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश को आने वाले समय के लिये अनाज के एक–एक दाने की रक्षा करनी होगी। वह भी ऐसे में जब किसान का खेती से मोहभंग हो रहा है। वहीं दूसरी ओर जब विकास कार्यों तथा आवासीय कारोबारी निर्माण के लिये बड़े पैमाने पर कृषि भूमि का उपयोग हो रहा है, भंडारण क्षमता बढ़ाना जरूरी हो जाता है। रूस – यूक्रेन युद्ध से बाधित हुई खाद्यात्र आपूर्ति श्रृंखला के चलते दुनिया के तमाम देश खाद्यान्न संकट से जूझ रहे हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम के मिजाज में आये अप्रत्याशित बदलाव से अनाज की गुणवत्ता और मात्रा पर असर होने लगा है। किसी संप्रभु राष्ट्र के लिये खाद्यान्न की आत्मनिर्भरता अपरिहार्य ही है। ऐसे में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा बुधवार को लिये गये उस फैसले की सराहना की जानी चाहिए, जिसमें सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना को मंजूरी दी गई है। जिसके अंतर्गत अन्नदाता के उत्पादों को बचाने के लिये ब्लॉक स्तर पर पांच सौ से दो हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम बनाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही योजना के क्रियान्वयन के लिये अंतर मंत्रालयी समिति के गठन को भी हरी झंडी मिली है।

निश्चय ही यह देर से उठाया गया दुरुस्त कदम है। निश्चय ही देश में मौजूदा 1450 लाख टन की भंडारण क्षमता को पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। यही वजह है कि अगले पांच सालों में 700 लाख टन भंडारण क्षमता और बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। भारत दुनिया के सर्वाधिक अन्न उत्पादक देशों में गिना जाता है, लेकिन उसकी भंडारण क्षमता अन्य विकसित देशों के मुकाबले बेहद कम रही है।। जिससे किसान को फसल तैयार होने के तुरंत बाद मंडियों में अनाज बेचने जाना पड़ता है। भण्डारण क्षमता न होने के कारण किसान को औने–पौने दामों में अपने उत्पाद बेचने पड़ते हैं। यही वजह है कि भरपूर फसल उत्पादन के बावजूद उसे घाटा उठाना पड़ता है क्योंकि

आपूर्ति बढऩे से उत्पादों के दाम गिर जाते हैं। वैसे शुरुआत में सहकारिता मंत्रालय देश के केंद्र शासित प्रदेशों व राज्यों के दस जिलों में इसकी पायलट योजना शुरू करेगा। जिससे हासिल अनुभव का लाभ शेप देश को दिया जा सकेगा, साथ ही योजना की खामियों को दूर किया जा सकेगा। केंद्रीय सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में एक अंतर मंत्रालयी समिति योजना के क्रियान्वयन की देखरेख करेगी। निश्चित रूप से इस योजना के क्रियान्वयन से हर साल बर्बाद होने वाला लाखों टन अनाज बचाया जा सकेगा। वह अनाज भी, जो आंधी तूफान व बारिश में मंडियों में बर्बाद होता रहा है। यदि किसान अनाज को गोदामों में रोकने की स्थिति में होगा तो वह बाजार की जरूरत के हिसाब से ऊंचे दामों में अपने उत्पाद बेच सकेगा। इतना ही नहीं, किसान गोदाम में रखे उत्पाद के मूल्य के सत्तर फीसदी के बराबर कर्ज लेकर अगली फसल की तैयारी भी कर सकेगा। विडंबना ही है कि इस लाभकारी योजना को नीति–नियंताओं की अदूरदर्शिता के चलते आजादी के सात दशक बाद क्रियान्वित किया जा रहा है। जरूरी है कि देश की अन्न भंडारण क्षमता उत्पादन से अधिक होनी चाहिए। कोरोना काल के सबक हमें याद रखने चाहिए कि इसके बाद के वर्षों में लगातार अस्सी करोड़ ? लोगों को मुफ्त अनाज तभी दिया जा सका क्योंकि हमारे देश में अनाज का पर्याप्त बफर स्टॉक था। ऐसी महामारियां भविष्य में आ सकती हैं, जिससे मुकाबले के लिये पर्याप्त अनाज भंडारण अनिवार्य है। निश्चित रूप से अब तक कुल उत्पादन की 47 फीसदी भंडारण क्षमता में इस योजना से पर्याप्त वृद्धि की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि इसके क्रियान्वयन के लिये कृषि और किसान कल्याण, उपभोक्ता मामले, खाद्य व सार्वजनिक वितरण, खाद्य प्रसंस्करण और उद्योग मंत्रालयों की विभिन्न योजनाओं को मिलाकर इस योजना को मूर्त रूप दिया गया है। जिससे निश्चित रूप से कृषि क्षेत्र में रोजगार के नये मौके पैदा होंगे ।

## कठघरे में रिजर्व बैंक

बेहतर होता अपने स्पष्टीकरण में इस पहलू पर तथ्यात्मक सूचना आरबीआई देता। लेकिन सरल भाषा में लोगों से कहा गया है कि वे सार्वजनिक चर्चाओं पर नहीं, बल्कि उसकी बात पर यकीन करें।

हाल में आई दो खबरों ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को संदेह के कठघरे में खड़ा कर दिया है। एक खबर यह है कि आरबीआई ने बैंकों को उन डिफॉल्टरों से समझौता कर मामला निपटाने का अधिकार दे दिया है, जिन्होंने जानबूझ कर ऋण नहीं चुकाया। इनमें ऐसे भी कई मामले होंगे, जिनमें कर्ज लेने वाली रसूखदार शख्सियत ने उसे ना लौटने के इरादे से ही ऋण लिया होगा। अब बैंक ऐसे कर्जदारों का मामला उनसे बातचीत से निपटा सकेंगे। जाहिर है, उन लोगों पर बकाया दिखने वाली के रकम को माफ भी किया जा सकेगा। एक मीडिया रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि इस फैसले का परिणाम निकट भविष्य तीन लाख 46 हजार करोड़ रुपए की माफी के रूप में आ सकता है। क्या यह सीधे तौर पर बैंक धोखाधड़ी और वित्तीय अपराध को बढ़ावा देना नहीं होगा? यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि किसी ऐसी व्यवस्था में, जहां कानून का राज सर्वोपरि हो, ऐसे फैसले लिए जा सकते हैं।

इसी तरह यह चौंकाने वाली खबर आई कि रिजर्व बैंक ने 500 रुपये के नोटों को जो छपाई करवाई थी, उनमें से 88 हजार करोड़ रुपये मूल्य के नोट गायब हैं। यह सूचना खुद रिजर्व बैंक ने आरटीआई अर्जी पर दी। लेकिन जब यह मामला सियासी हलकों और मीडिया में गरमाया, तो आरबीआई ने एक स्पष्टीकरण जारी कर कहा कि लोग ऐसी खबरों पर ध्यान ना दें और आरबीआई के इस आश्वासन पर भरोसा करें कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है। प्रश्न यही है कि अगर कुछ नहीं हुआ है, तो आरबीआई ने आरटीआई अर्जी पर ऐसी जानकारी क्यों दी? बेहतर होता अपने स्पष्टीकरण में इस पहलू पर तथ्यात्मक सूचना आरबीआई देता। लेकिन सरल भाषा में लोगों से कहा गया है कि वे सार्वजनिक चर्चाओं पर नहीं, बल्कि उसकी बात पर यकीन करें। मगर आरबीआई को शायद यह ख्याल नहीं है कि उसने गुजरे वर्षों में अपनी साख को इतनी चोट पहुंचा दी है कि बहुत से लोग चाह कर भी ऐसा नहीं कर पाएंगे। इसलिए की उसकी छवि अब स्वतंत्र संस्था की नहीं, बल्कि सरकार से निर्देशित होने वाली संस्था की बन चुकी है।

## अमेरिका में वॉलमार्ट के अंदर गोलीबारी

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी प्रांत टेनेसी में पुलिस ने लेनोइर सिटी में वॉलमार्ट के अंदर गोलीबारी के बाद जांच शुरू की है। लेनोइर सिटी पुलिस विभाग के प्रमुख डॉन व्हाइट ने बीती देर रात एक बयान में कहा कि एक संदिग्ध ने शाम करीब सात बजे हाईवे 321 स्थित वॉलमार्ट में पांच राउंड गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि अधिकारी मौके पर पहुंचे और इमारत को खाली करा लिया। पुलिस ने संदिग्ध की गिरफ्तारी और सजा दिलाने वाली सूचना के लिए 5,000 डॉलर के इनाम की घोषणा की है। हालांकि शूटिंग के बारे में अतिरिक्त विवरण तुरंत उपलब्ध नहीं थे, लेनोइर सिटी के मेयर टोनी ऐकेंस ने स्थानीय मीडिया को बताया कि सबूत बताते हैं कि किसी ने हवा में गोली चलाई, विशेष रूप से किसी को निशाना नहीं बनाया।

## योग को विश्वभर में मान्यता मिली है: गडकरी

**नागपुर (महाराष्ट्र) ,(एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोगों बधाई दी और कहा कि योग को पूरे विश्व में मान्यता मिली है. अपने गृह नगर नागपुर (महाराष्ट्र) में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में गडकरी ने लोगों को संबोधित किया. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारत द्वारा प्रस्ताव पेश किए जाने और बड़ी संख्या में सदस्य देशों द्वारा इस पर सहमति जताने के बाद 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी. पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था.

गडकरी ने कहा, योग को पूरे विश्व में मान्यता मिली है. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस न सिर्फ भारत में, बल्कि दुनिया के कई हिस्सों में बड़े स्तर पर मनाया जाता है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अभी अमेरिकी आधिकारिक राजकीय यात्रा पर हैं और वह बुधवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह का नेतृत्व करेंगे. मोदी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि भारत ने हमेशा जोडने, अपनाने और अंगीकार करने वाली परंपराओं को पोषित किया है. उन्होंने योग के माध्यम से विरोधाभासों, बाधाओं और प्रतिरोधों को खत्म करने का आह्वान भी किया.

## देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 92 नए मामले आए सामने

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 92 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,49,93,671 हो गई है. वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,786 रह गई है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से अभी तक 5,31,898 लोगों की जान गई है. अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी तक कुल 4,44,59,987 लोग संक्रमण मुक्त हुए हैं और मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है. वहीं कोविड–19 से मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है. स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड–19 रोधी टीकों की 220,67,34,967 खुराक लगाई जा चुकी हैं. गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी. संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे.

# बंगाल पंचायत चुनाव के नामांकन दौरान हुई हिंसा की होगी जांच, हाईकोर्ट का आदेश

**कोलकाता, एजेंसी।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने के दौरान भड़की हिंसा की घटनाओं और हावड़ा जिले के उलुबेरिया क ब्लॉक में निर्वाचन अधिकारी द्वारा दस्तावेजों से छेड़छाड़ के आरोपों की जांच सीबीआई से कराने का निर्देश दिया है। जस्टिस अमृता ने चुनाव से पहले नामांकन के दौरान हुई हिंसा मामले में मतदान से एक दिन पहले सात जुलाई तक रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल चुनाव आयोग को पंचायत चुनाव में तैनाती के लिए 24 घंटे में 82,000 से अधिक केंद्रीय बलों के कर्मियों की मांग करने का निर्देश दिया है।

जानकारी के मुताबिक, दो याचिकाकर्ता जोकि उम्मीदवार हैं, उन्होंने ब्लॉक के पंचायत चुनाव रिटर्निंग अधिकारी के खिलाफ आरोप लगाया है। उन्होंने याचिका में दावा किया है कि संबंधित अधिकारी ने नामांकन दाखिल करते समय उनके द्वारा दायर दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ की थी।

याचिकाकर्ताओं के वकील सब्यसाची चटर्जी ने अदालत में कहा कि दोनों उम्मीदवार ओबीसी–ए श्रेणी के हैं। उनके पास उचित प्रमाण पत्र हैं, लेकिन पंचायत चुनाव अधिकारी के दस्तावेजों में इसका उल्लेख एससी–डब्ल्यू था और यह उनके रिकॉर्ड में लंबित था।

उनकी दलीलों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने संयुक्त निदेशक सीबीआई को 5 जुलाई तक आरोप की जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि सात जुलाई को अदालत के समक्ष जांच रिपोर्ट पेश की जाए। इस मामले की सुनवाई सात जुलाई को की जाएगी।



याचिकाकर्ताओं ने दस्तावेजों से छेड़छाड़ के आरोप की एक स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि ऐसी घटनाएं अन्य जगहों पर भी हुई हैं।

वहीं, राज्य चुनाव आयुक्त (एसईसी) और राज्य सरकार के वकील ने कहा कि उन्हें आरोपों की जांच करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

इस पर न्यायमूर्ति सिन्हा ने कहा कि राज्य और एसईसी के तर्क को स्वीकार नहीं किया जा सकता। जिस अधिकारी के खिलाफ आरोप लगाया गया है वह राज्य के अधिकारियों के साथ सेवा में है और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार है।

गौरतलब है कि पंचायत चुनाव के नामांकन दौरान हुई हिंसा को लेकर विपक्षी दलों ने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इन विपक्षी दलों में भाजपा, कांग्रेस और सीपीएम शामिल है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि हिंसा के कारण कुछ उम्मीदवारों के नाम उम्मीदवारों की सूची से गायब हो गए। याचिका में सीपीएम ने आरोप लगाया है कि राज्य चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की गई लिस्ट में उनके उम्मीदवारों के नाम नहीं थे। इस पर बुधवार को जस्टिस अमृता सिन्हा ने सुनवाई की। उन्होंने हिंसा पर नाराजगी जाहिर करते हुए राज्य चुनाव आयोग को सूची में उम्मीदवारों के नाम शामिल करने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में इतनी हिंसा देखी गई है। अगर ऐसा ही रक्तपात चलता रहा तो चुनाव को रोक देना चाहिए। गौरतलब है कि राज्य में हुई हिंसा को लेकर एक दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की थी।

# विश्व कर रहा हमारी संस्कृति को स्वीकार

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजनाथ

**कोच्चि (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कहा कि यह भारत के लिए गर्व की बात है कि विश्व हमारी संस्कृति को स्वीकार रहा है और उसे अपना भी रहा है. राजनाथ ने यहां भारत के पहले स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार नौसेना कर्मियों के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में हिस्सा लिया.कार्यक्रम में शामिल होने के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह भारत के लिए गर्व की बात है कि आज विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है और यह दिखाता है कि हमारी समृद्ध संस्कृति व विरासत को वैश्विक स्तर पर स्वीकार किया जा रहा है और अपनाया भी जा रहा है. राजनाथ ने कहा कि योग को नौ साल पहले संयुक्त राष्ट्र ने स्वीकार किया, जबकि सदियों से भारत सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों में योगाभ्यास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि आजकल बहुत से लोग व्यस्त दिनचर्या के कारण विभिन्न शारीरिक और मनोवैज्ञानिक समस्याओं से पीड़ित हैं तथा इसका एकमात्र प्रभावी समाधान योग है.रक्षा मंत्री ने सुबह–सुबह विशाल विमानवाहक पोत पर योग समारोह का नेतृत्व किया और नौसेना कर्मियों के साथ करीब एक घंटे तक योगासन भी किए. समारोह में अग्निवीरों ने भी एकता और कल्याण की भावना को आत्मसात करते हुए योग किया. नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और नौसेना तथा रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# भारत की पहल पर दुनिया 21 जून को मनाती है अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**नयी दिल्ली,(एजेंसी)।** 21 जून की तारीख ने पिछले कुछ ही बरस में इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान हासिल कर लिया है. अन्य तमाम घटनाओं के अलावा 21 जून की तारीख 2015 में पहले अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में इतिहास में दर्ज हुई जब भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया और देखते ही देखते दुनिया के तमाम देश इस मुहिम में शामिल हो गए.

भारत सहित दुनिया भर में 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में सभी बढ़ चढ़कर शिरकत करते हैं. 21 जून के दिन की एक खासियत है कि यह वर्ष के 365 दिन में सबसे लंबा दिन होता है और योग के निरंतर अभ्यास से व्यक्ति को लंबा जीवन मिलता है इसलिए इस दिन को योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया गया. देश दुनिया के इतिहास में 21 जून की तारीख पर अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं का सिलसिलेवार ब्यौरा इस प्रकार हैः–

1756 : जॉन जेड हॉलवेल के नेतृत्व वाली अंग्रेज सैन्य टुकड़ी के बंगाल के नवाब सिराजउद्दौला के समक्ष आत्मसमर्पण के बाद 146 अंग्रेजों को एक कमरे में बंद किया गया. उनमें से 123 की मौत.

1862 : ज्ञानेंद्र मोहन टैगोर 'लिंकन्स इनङ से वकालत की डिग्री हासिल करने वाले प्रथम भारतीय बने.

1898 : अमेरिका ने स्पेन को हराकर गुआम पर कब्जा किया.

1933 : भारत के प्रसिद्ध लेखक, उपन्यास–ाकार, नाटककार, आलोचक तथा व्यंग्यकार मुद्राराक्षस का जन्म.

1948 : सी. राजगोपालाचारी भारत के गवर्नर जनरल बने। वह देश के अंतिम गवर्नर जनरल थे.

1975 : वेस्टइंडीज ने पहला क्रिकेट विश्व कप जीता.

1991 : पी.वी. नरसिम्हाराव भारत के नौंवे प्रधानमंत्री बनें.

2001 : पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने आतंकवाद निरोधक क़ानून बहाल किया.

2003 : जेके रोलिंग की पांचवी किताब 'हैरी पॉटर एंड द ऑर्डर ऑफ द फीनिक्सङ जारी.

2008 : फ़िलिपीन में विनाशकारी तूफ़ान फेंगसेन से सैकड़ों लोगों की मृत्यु.

2009 : भारत की बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल सुपर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं.

2012 : ऑस्ट्रेलिया जा रही नौका डूबने से 90 शरणार्थियों की मौत.

2015 : पहला अन्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की पहल पर दुनिया के लगभग सभी देश स्वस्थ रहने के लिए योग के प्रसार की इस मुहिम में शामिल हुए.

## प्रवर्तन निदेशालय ने उद्योगपति सुजीत पाटकर के खिलाफ धनशोधन के मामले में की छापेमारी

**मुंबई,(एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति सुजीत पाटकर के खिलाफ धन शोधन के एक मामले में बुधवार को मुंबई में 15 स्थानों पर छापेमारी की. एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पाटकर और उसके तीन सहयोगियों ने महामारी के दौरान कोविड–19 क्षेत्र अस्पतालों के प्रबंधन के लिए बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के ठेके कथित रूप से फर्जी तरीके से हासिल किए थे.

उन्होंने कहा कि कोविड–19 अस्पताल प्रबंधन के ठेकों के संबंध में बीएमसी के कुछ अधिकारियों और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी संजीव जायसवाल सहित अन्य लोगों के परिसरों पर ये छापेमारी की जा रही है. यहां आजाद मैदान थाने में लाइफलाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट सर्विसेज कंपनी, पाटकर और उसके तीन सहयोगियों के खिलाफ पिछले साल अगस्त में जालसाजी का मामला दर्ज किया गया था.

# जीतनराम मांझी को पुरस्कार फाइनल!

## विपक्षी एकता की बैठक से पहले बिहार में ऐसे आया राजनीतिक भूचाल



**पटना , एजेंसी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी और पूर्व मंत्री संतोष सुमन को क्या पुरस्कार देगी भारतीय जनता पार्टी? बिहार में इनकी पार्टी हिन्दुस्तानी आवामी मोर्चा (ल्रअट) ने दो बातों की चर्चा उड़ा रखी है– 1. पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के लिए गवर्नर पद 2. पूर्व मंत्री संतोष सुमन के लिए गया संसदीय सीट का टिकट। लेकिन, क्या यह संभव है? इस सवाल पर भाजपा के नेता चुप हो जा रहे हैं, लेकिन यह बात भी कह रहे हैं कि बिहारी गवर्नर बनाना संभव है। ऐसा इसलिए कि पहले से चला आ रहा बिहार का कोटा खाली है। बुधवार को मांझी और संतोष सुमन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (ठऊअ) में शामिल होने की औपचारिक जानकारी दी।

इसी साल फरवरी में कई राज्यपालों का इस्तीफा लेकर और कई को दूसरे राज्य की कमान देकर बड़े पैमाने पर फेरबदल किया गया था। इस समय तक पटना के रहने वाले गंगा प्रसाद सिक्किम के राज्यपाल थे। फरवरी में उनकी जगह किसी बिहारी को राज्यपाल नहीं बनाया गया। इससे पहले मृदुला सिन्हा बिहार के खाते से राज्यपाल थीं। निधन के पहले ही वह पूर्व राज्यपाल हो गई थीं। बिहार के और भी राज्यपाल रहे हैं, लेकिन मौजूदा केंद्र सरकार के खाते से इन्हीं का नाम लिया जाता रहा है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी में दूसरी बार इस तरह की अनबन हुई। पहली बार जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी गद्दी छोड़ने का मन बनाया तो इन्हें मुख्यमंत्री बनाया था। कुछ ही समय बाद नीतीश ने मांझी से अपनी कुर्सी वापस ले ली। इस बार उन्होंने मांझी को कोई कुर्सी नहीं दी, बल्कि उनके बेटे संतोष सुमन को मंत्रीपद दिया और एमएलसी बनाया। दोनों ही बातों पर मुख्यमंत्री ने एक तरह से समझौता ही किया था, क्योंकि नीतीश और मांझी ने अब खुले रूप में स्वीकार किया है कि हम के जदयू के विलय की बात बार–बार उठ रही थी। पिछले हफ्ते जब संतोष सुमन ने मंत्रीपद से इस्तीफा दिया तो नीतीश कुमार ने साफ–साफ कहा कि जीतन राम मांझी अगर उनकी ओर रहते तो 23 जून को विपक्षी एकता के लिए होने वाली बैठक की बातें जाकर भाजपा को बताते। उन्होंने मुखबिरी का आरोप लगाते हुए यह भी कि मांझी उनके साथ थे, लेकिन भाजपा के लिए काम कर रहे थे।

## चाइल्ड हेल्पलाइन को ईआरएसएस–112 के साथ जोड़ने का निर्णय लिया

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** एक राष्ट्र एक हेल्पलाइन की व्यापक सोच के एक हिस्से के तहत और दूसरे राष्ट्रीय मुख्य सचिवों के सम्मेलन के दौरान प्राथमिकता के रूप में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने महिला हेल्पलाइन और चाइल्ड हेल्पलाइन को ईआरएसएस–112 (आपातकालीन प्रतिक्रिया समर्थन प्रणाली) के साथ जोड़ने का निर्णय लिया है।

इससे पहले इंडिया फाउंडेशन (सीआईएफ) और इसके सहयोगी एनजीओ के जरिए मंत्रालय पूर्ववर्ती बाल संरक्षण सेवा (सीपीएस) योजना के तहत चाइल्डलाइन मंत्रालय इस 24&7 हेल्पलाइन चाइल्डलाइन 1098 सेवा का समर्थन कर रहा था। चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन (सीआईएफ), चाइल्डलाइन के रूप में इस सेवा का प्रबंधन करने वाला मदर एनजीओ था। मंत्रालय के अनुसार सीआईएफ अपने 1,000 से अधिक इकाइयों के नेटवर्क के माध्यम से 568 जिलों, 135 रेलवे स्टेशनों और 11 बस स्टैंडों में चाइल्डलाइन सेवाएं प्रदान कर रहा है। संकट में फंसे बच्चे के लिए किए गए कॉल के लिए सीआईएफ के पास प्रतिक्रिया समय लगभग 60 मिनट है। हालांकि, मौजूदा प्रणाली में पुलिस, अग्निशमन, एम्बुलेंस जैसी अन्य सेवाओं के साथ अंतर–परिचालनीयता का अभाव है, जिससे संकट की स्थिति में बहुमूल्य समय की हानि होती है। इसके अलावा सीआईएफ नेटवर्क केवल 568 जिलों को कवर कर सका था। यानी वह लगभग 200 जिलों को चाइल्डलाइन के तहत शामिल नहीं कर पाया था।

### क्यों नेता प्रतिपक्ष की भूमिका से मुक्त होना चाहते हैं अजित पवार, बोले

# मैं अब करना चाहता हूं संगठन में काम

**मुंबई, एजेंसी।** राकांपा के गठन के 24 वर्ष पूरे होने पर मुंबई के षणमुखानंद सभागार में आयोजित समारोह के दौरान राकांपा नेता अजित पवार ने कहा कि वह अब नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी से हटकर संगठन में काम करना चाहते हैं। हालांकि, उनके इस बयान पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार की अभी कोई टिप्पणी सामने नहीं आई है।



उन्होंने पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया कि उन्हें विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका से मुक्त किया जाए, क्योंकि अब वह संगठन में काम करना चाहते हैं।

अजित पवार पिछले कुछ दिनों से विभिन्न कारणों से चर्चा में रहे हैं। कुछ ही सप्ताह पहले उनके भाजपा में जाने की अफवाहें उड़ी थीं, लेकिन उन्होंने यह कहकर अफवाहों का खंडन कर दिया था कि वह मरते दम तक राकांपा में ही रहेंगे।

इसके कुछ दिनों बाद ही उनके चाचा एवं राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार द्वारा पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पर अपनी पुत्री सुप्रिया सुले एवं प्रफुल्ल पटेल को बैठा दिया गया। तब भी अजित पवार की उपेक्षा किए जाने की चर्चा शुरू हुई, लेकिन अजित पवार ने तब भी यह कहते हुए इस बात का खंडन किया कि वह राष्ट्रीय राजनीति में जाना ही नहीं चाहते थे।

माना जा रहा है कि इसी प्रतिबद्धता को मूर्त रूप देने के लिए अजित पवार अब संगठन में बड़ी जिम्मेदारी चाहते हैं। फिलहाल राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल हैं। माना जा रहा है कि अजित पवार अब स्वयं यह जिम्मेदारी निभाना चाहते हैं। लेकिन, अंतिम निर्णय तो उनके चाचा एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार के हाथ में है।

# बहुत गलत हो रहा है, आतंकी मीर को चीन ने बचाया तो भारत ने यूएन में सुनाई खरी–खरी

**बीजिंग , एजेंसी।** चीन द्वारा संयुक्त राष्ट्र में आतंकी साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के प्रस्ताव पर रोक लगाने पर भारत सरकार ने बुधवार को प्रतिक्रिया दी है। भारत ने चीन की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि हमारे पास इस बात को मानने के कुछ बहुत ही पुख्ता कारण मौजूद हैं जिनके मुताबिक हम यह कह सकें कि दुनिया में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई करने के लिए बनाए गए ढ़ांचे में कुछ बहुत ही गलत हो रहा है।हाल ही में चीन ने भारत समर्थित यूएस के यूएन में दिए गए उस प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया जिसमें उसने साजिद मीर को वैश्विक आतंकी घोषित करने का प्रस्ताव पेश किया था। अगर यह प्रस्ताव पास हो जाता तो यूएन सिक्योरिटी काउंसिल के नियम 1267 के मुताबिक अल–कायदा के इस आतंकवादी पर वैश्विक प्रतिबंध लग जाता और वह विश्व की कानूनी तौर पर यात्रा करने, ट्रांजैक्शन करने, और किसी भी तरह की कानूनी सहायता पाने से वंचित रह जाता।भारत ने कहा कि अगर हम उन स्थापित आतंकवादियों को वैश्विक स्तर पर महज इसलिए बैन नहीं कर सकते हैं क्योंकि उनसे हमारे छोटे हित जुड़े हुए हैं तो सही अर्थों में हमारे लिए आतंकवाद से लडने का कोई भी मतलब नहीं रह जाता है। शायद हमारी इच्छाशक्ति आतंकवाद से लडने की नहीं है।गौरतलब है कि चीन ने बीते साल सितंबर में यूएन में साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी घोषित किए जाने के प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया था।

## जी–20 देशों के प्रतिनिधियों ने राजभवन में आयोजित योग कार्यक्रम में लिया हिस्सा

**पणजी,(एजेंसी)।** गोवा में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जी–20 समूह के कई सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने योगाभ्यास किया. गोवा के राज्यपाल पी एस श्रीधरन पिल्लई, केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी और रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट जी–20 देशों के प्रतिनिधियों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए और योगासन किए.

# विश्व एकता के प्रतीक योग को अपनाए

## उपराष्ट्रपति धनखड़ का लोगों को आह्वान

**जबलपुर ,(एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशवासियों और विश्व समुदाय से विश्व एकता के प्रतीक योग को अपनाने का आह्वान किया. उन्होंने मध्य प्रदेश के जबलपुर शहर के गैरीसन ग्राउंड में 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 कार्यक्रम में यह बात कही. वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग थीम पर आयोजित यह कार्यक्रम धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ, जिसमें मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए.

धनखड़ ने कहा कि सभी को 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बहुत–बहुत बधाई और शुभकामनाएं. मध्य प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर से मैं अपने देश के भाइयों बहनों और विश्व समुदाय से विश्व एकता के प्रतीक योग को अपनाने का आह्वान करता हूं. उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विश्व–बंधुत्व के संदेश का दिवस है और इस वर्ष की थीम वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग हमारी साझा आकांक्षाओं और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है. यह इस साल भारत की मेज़बानी में आयोजित किए जा रहे जी–20 शिखर सम्मेलन की विषयवस्तु के भी पूर्णतः अनुकूल है.

धनखड़ ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा इतने अधिक वोटों से और कम से कम समय में योग को अंतरराष्ट्रीय रूप में स्वीकृति देना एक तरह से भारतीय नेतृत्व की दूरदृष्टि की स्वीकृति है. उन्होंने कहा कि अत्यंत संतोष का विषय है कि भारत के प्रयासों से योग अब एक वैश्विक पर्व बन गया है. आज देश के हर कोने में और दुनिया के हर देश में यह पर्व मनाया जा रहा है. योग किसी व्यक्ति मात्र के लिए नहीं, संपूर्ण मानवता के लिए है.

धनखड़ ने कहा कि अब तो योग ने आर्थिक स्वरूप भी ले लिया है जो अर्थव्यवस्था को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है. हमारे प्रशिक्षित योग शिक्षक दुनिया भर में कार्यरत हैं और योग शिक्षकों की मांग बढ़ रही है. उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि–मुनि कह गए हैं, पहला सुख निरोगी काया. और इसमें दो मत नहीं हैं कि योग इसे सार्थक करता है. योग स्वस्थ जीवन की कुंजी है.

इस महान परंपरा को प्रणाम करते हुये मैं आप सभी के उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य की कामना करता हूँ. धनखड़ ने कहा कि योग को विश्व के पटल पर लाने का सार्थक सफल प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया.

# भारत ने बांग्लादेश को 31 रन से हराकर महिला एमर्जिंग एशिया कप जीता



मांगकॉक (हांगकांग), । श्रेयंका पाटिल और मन्नत कश्यप की फिरकी के जादू से भारत ने बुधवार को यहां बांग्लादेश को फाइनल में 31 रन से हराकर महिला एमर्जिंग एशिया कप टी20 खिताब जीत लिया।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 127 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया और फिर श्रेयंका (13 रन पर चार विकेट) और मन्नत (20 रन पर तीन विकेट) की फिरकी की बदौलत बांग्लादेश को 19.2 ओवर में 96 रन पर ढेर कर दिया।

ऑफ स्पिनर कनिका आहुजा ने भी 23 रन देकर दो विकेट चटकाए। श्रेयंका, मन्नत और कनिका की स्पिन तिकड़ी ने मिशन रोड ग्राउंड की धीमी पिच पर बांग्लादेश की बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं दिया। नाहिदा अख्तर ने बांग्लादेश की ओर से सर्वाधिक नाबाद 17 रन बनाए जबकि शोभना मोस्तरी ने 16 रन की पारी खेली। इससे पहले दिनेश वृंदा 29 गेंद में 36 रन बनाकर भारत की ओर से शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि कनिका ने 23 गेंद में नाबाद 30 रन बनाए। बांग्लादेश की गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा।वृंदा और कनिका के अलावा भारत की ओर से विकेटकपर यू छेत्री (22) और कप्तान श्वेता सहरावत (13) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाईं। बांग्लादेश की तरफ से बाएं हाथ की स्पिनर नाहिदा ने 13 रन देकर दो जबकि ऑफ स्पिनर सुल्ताना खातून ने 30 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को सेमीफाइनल मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढने् के बाद फाइनल में जगह बनाई थी। भारत ने फाइनल से पहले सिर्फ एक मैच मेजबान हांगकांग के खिलाफ खेला। टीम का यह टूर्नामेंट में पहला मैच था जो उसने नौ विकेट से जीता। इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ सेमीफाइनल सहित भारत के तीन मैच एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ गए। बारिश के करण टूर्नामेंट में आठ मैच नहीं खेले जा सके।

## प्रीमियर हैंडबॉल लीगः महाराष्ट्र आयरन मैन और तेलुगू टैलंस ने खेला रोमांचक ड्रा

जयपुर, राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में चल रहे प्रीमियर हैंडबॉल लीग मैच में महाराष्ट्र आयरनमैन और तेलुगु टैलंस के बीच पहले सीजन का 25वां मैच बराबरी पर समाप्त हुआ। खेल के अंत तक स्कोर 30–30 था। प्रीमियर हैंडबॉल लीग में यह अब तक का केवल दूसरा ड्रा है।

प्रीमियर हैंडबॉल लीग की दो सर्वश्रेष्ठ टीमों महाराष्ट्र आयरन मैन और तेलुगू टैलंस ने एक बेहद आकर्षक मैच में एक–दूसरे का सामना किया। टैलंस और आयरन मैन दोनों ने इस मैच से पहले ही पीएचएल के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी।

आयरनमैन के कोच डॉ सुनील कुमार ने मैच में प्रमुख सदस्यों को आराम दिया। चिसेलियोव और कियानी ने बैंच पर रहते हुए मैच शुरू किया, जबकि नवीन देशवाल को बाहर रखा गया।

# प्रणय और कश्यप ताइपे ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में





ताइपे, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों एचएस प्रणय और पारूपल्ली कश्यप ने बुधवार को यहां अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ ताइपे ओपन के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को स्थानीय खिलाड़ी लिन यू सिएन को इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में सिर्फ 26 मिनट में 21–11 21–10 से हराने के दौरान अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स सुपर 300 का खिताब जीतने वाले तीसरे वरीय प्रणय अगले दौर में चेन ची टिंग और टॉमी सुगियाती के बीच पहले दौर के मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता कश्यप ने भी जर्मनी के सैमुअल सियाओ के खिलाफ सीधे गेम में 21–15 21–16 की आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। वह प्री क्वार्टर फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी सू ली यैंग से भिड़ेंगे।

एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यन को हालांकि जापान के छठे वरीय केंटा सुनयामा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।सुनयामा ने एकतरफा मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी को 21–13 21–5 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

# सक्षम ने की शानदार बल्लेबाजी, क्वार्टर फाइनल में पहुंचा स्पोर्ट्स गैलेक्सी



लखनऊ । अंडर–16 एल.एन.मिश्रा क्रिक्रेट प्रतियोगिता के प्री क्वार्टर फाइनल में स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिक्रेट क्लब ने गुरुकुल क्रिक्रेट क्लब को 47 रन से हरा दिया। इस मैच में सक्षम सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 15 चौकों की मदद से 68 बाल पर 80 रन बनाये।

40 ओवर के मैच में स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिक्रेट क्लब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 147 रन बनाकर 27वें ओवर में ही आउट हो गयी। सलामी बल्लेबाज हर्षित यादव शून्य पर ही पवेलियन वापस लौट गये। प्रतीक तिवारी ने 16 रन बनाया, वहीं शिवम शून्य पर ही पवेलियन लौट गये। सक्षम सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 15 चौका की मदद से सर्वाधिक 80 रन बनाये। वहीं गुरुकुल क्रिक्रेट क्लब की टीम 100 रन बनाकर ही आउट हो गयी। स्पोर्ट्स गेलेक्सी ने मैच को 47 रन से जीत लिया। गुरुकुल के मुईउद्दीन अली ने 42 रन बनाये। वहीं सलामी बल्लेबाज उत्कर्ष वर्मा छह रन पर ही आउट हो गये।

# हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023ः अपने पहले मैच में चीन का सामना करेगा भारत

चेन्नई, एशियन हॉकी फेडरेशन ने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के आगामी संस्करण के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट की शुरुआत 3 अगस्त को कोरिया और जापान के बीच पहले मैच से होगी, इसके बाद इसी दिन दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना मलेशिया से होगा, जबकि दिन के तीसरे मैच में मेजबान भारतीय टीम का सामना चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में चीन से होगा।




हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023, 3 अगस्त से शुरू होगी और 12 अगस्त तक चलेगी। टूर्नामेंट में छह टीम कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान, चीन और भारत हिस्सा ले रहे हैं। सभी टीमें एक ही पूल का हिस्सा हैं और अंक तालिका में स्थान लीग प्रणाली द्वारा तय किए जाएंगे।हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में डिफेंडिंग चैंपियंस दक्षिण कोरिया है, जिसने टूर्नामेंट का 2021 संस्करण जीता था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम (2011, 2016 और 2018) और पाकिस्तान (2012, 2013 और 2018) दोनों ने तीन–तीन खिताब जीते हैं। इस अवसर पर, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ.दिलीप तिर्की ने कहा, हम हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 की मेजबानी करके बहुत खुश हैं और कार्यक्रम की घोषणा करना एक ऐतिहासिक दिन है। हालांकि मैं निश्चित रूप से भारतीय पुरुष हॉकी टीम को खिताब जीतते देखना पसंद करूंगा, मुझे यकीन है कि सभी देश अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।एशियन हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष दातो फुमियो ओगुरा ने कहा, हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मैच शेड्यूल की घोषणा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट हॉकी का एक असाधारण उत्सव होने का वादा करता है। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हमारा दृष्टिकोण खिलाड़ियों, प्रशंसकों और हितधारकों के लिए समान रूप से एक अविस्मरणीय अनुभव बनाना है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, ह्यहीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 की मेजबानी करना हमारे लिए बेहद गर्व की बात है और हम टूर्नामेंट के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के कार्यक्रम की घोषणा टूर्नामेंट से पहले अंतिम चरण की शुरुआत का संकेत देती है। हम कुछ शानदार हॉकी देखने का और इंतजार नहीं कर सकते।तमिलनाडु हॉकी इकाई के अध्यक्ष शेखर जे मनोहरन ने कहा, हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई के लिए अंतरराष्ट्रीय हॉकी का भव्य स्वागत करने का मौका है।

## फिल्मी सफर

# शाहरुख खान संग कॉफी विद करण में डेब्यू करेंगे आर्यन खान

फिल्म निर्माता करण जौहर अपने चैट शो कॉफी विद करण के 8वें सीजन को लाने की तैयारी कर रहे हैं। शो में करण फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े सितारे से बातों–बातों में कई खुलासे करा लेते हैं, जो खूब सुर्खियां बटोरते हैं। बीते दिनों खबर आई थी कि कॉफी विद करण 8 की शुरुआत करण शाहरुख खान के साथ करने वाले हैं। अब कहा जा रहा है कि किंग खान के साथ उनके बेटे आर्यन खान चैट शो का हिस्सा बनेंगे।



शाहरुख ने इस साल पठान के साथ बड़े पर्दे पर 4 साल बाद वापसी की थी और बीते साल वह अपनी फिल्म की तैयारी में ही जुटे हुए थे। इसी के चलते वह कॉफी विद करण 7 का हिस्सा नहीं बन पाए थे। ऐसे में अब फिल्म निर्माता चाहते हैं कि वह अपने शो की शुरुआत शाहरुख के साथ करे और उनसे उनकी फिल्म की सफलता और निजी जिंदगी के बारे में बातें कर सके।रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख के करण के चैट शो का हिस्सा बनने के पीछे की वजह पठान को मिली बॉक्स ऑफिस पर सफलता नहीं बल्कि बेटे आर्यन का डेब्यू है। रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख और आर्यन पहली बार ऐसे कैमरे के आगे बात करते हुए नजर आएंगे और ऐसे में उनके साथ गौरी खान भी इसका हिस्सा बन सकती हैं। ज्ञात हो कि कॉफी विद करण 8 अगस्त या सितंबर में डिज्नी+ हॉटस्टार पर आएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, कॉफी विद करण 8 में इस बार बॉलीवुड ही नहीं साउथ सिनेमा के भी मशहूर सितारे और जोडियां भाग लेने वाली है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यश, अल्लू अर्जुन और ऋषभ शेट्टी चैट शो में नजर आएंगे। यश अपनी पत्नी राधिका पंडित के साथ तो अल्लू अपनी पत्नी स्नेहा रेड्डी के साथ शो का हिस्सा बनेंगे। अगर दोनों सितारे अपनी पत्नियों के साथ शो में आते हैं तो ऐसा पहली बार होगा। आर्यन ने हाल ही में अपने लग्जरी स्ट्रीट वियर ब्रांड को लॉन्च किया था, जिसके विज्ञापन का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। आर्यन ने इस विज्ञापन का न सिर्फ निर्देशन किया बल्कि शाहरुख के साथ स्क्रीन भी साझा की थी। अब आर्यन अपनी वेब सीरीज स्टारडम लाने की तैयारी में हैं, जो फिल्म उद्योग की कहानी बयां करेगी। इसमें लक्ष्य लालवानी मुख्य भूमिका है तो रणबीर कपूर, शाहरुख और रणवीर सिंह कैमियो करेंगे। शाहरुख अब जल्द ही एटली की जवान में नयनतारा के साथ नजर आने वाले हैं, जो 7 सितंबर को रिलीज होगी। इसके बाद वह राजकुमार हिरानी की डंकी में तापसी पन्नू के साथ दिखाई देंगे और सलमान खान की टाइगर 3 में उनका कैमियो है।

## तीसरे सप्ताह में ठीक कमाई कर रही विक्की–सारा की फिल्म, 70 करोड़ के करीब पहुंची जरा हटके जरा बचके

विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म जरा हटके जरा बचके बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है, लेकिन अब ओम राउत द्वारा निर्देशित आदिपुरुष की रिलीज के बाद इसकी कमाई में असर पड़ रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, जरा हटके जरा बचके ने अपनी रिलीज के 17वें दिन (रविवार) 2.34 करोड़ रुपये कमाए थे। ऐसे में अब इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 68.31 करोड़ हो गया है। यह फिल्म 2 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

जरा हटके जरा बचके टिकट खिडक़ी पर धीरे–धीरे 70 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है। इसमें सारा और विक्की के अलावा शारिब हाशमी, सुष्मिता बनर्जी, नीरज सूद और इनामुलहक भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। जरा हटके जरा बचके को लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी को हड्डी में ट्रांसजेंडर लुक देने में लग गए 6 महीने

बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी जल्द अक्षत अजय शर्मा की फिल्म हड्डी में नजर आएंगे.इस फिल्म में नवाजुद्दीन एक ट्रांसजेंडर की भूमिका अदा करते दिखेंगे. फिल्म के फर्स्ट लुक में नवाजुद्दीन का ट्रांसजेंडर लुक नजर आ रहा है, जिसे फैंस बहुत पसंद भी कर रहे हैं. इस पोस्टर में वह लाल साड़ी और भारी गहनों में दिख रहे हैं. इस फिल्म में एक छोटे शहर के लडक़े हरी की कहानी दिखाई जाएगी, जो भारत के ट्रांसजेंडर समाज की वास्तविकता को दिखाएगा.



इस फिल्म को राधिका नंदा प्रोड्यूस कर रही हैं. उनका कहना है कि इस फिल्म की टीम को नवाजुद्दीन का लुक फाइनल करने में करीब आधा साल लग गया. उन्होंने यह भी बताया कि इस रोल के लिए नवाजुद्दीन की साड़ी बांधने में आधा घंटा और मेकअप करने में तीन घंटा लग जाता था. राधिका ने कहा– नवाजुद्दीन को समझ आ गया था कि औरतों को हर रोज़ तैयार होना कितना मुश्किल है और तैयार हो कर काम करना उससे भी ज्यादा मुश्किल है. हमें इस लुक को फाइनल करने में 6 महीने लग गए. हमें कई मेकअप आर्टिस्टों से सलाह लेनी पड़ी थी.राधिका ने आगे बताया कि जब नवाजुद्दीन ने भले ही साड़ी पहली बार पहनी हो, लेकिन वह इसे पहन कर घंटों शूटिंग कर लेते थे. साथ ही लुक के लिए प्रोस्थेटिक्स का भी सहारा लिया गया , लेकिन आइडिया यही था कि लुक को नैचुरल रखा जाए.

नवाजुद्दीन की तारीफ करते हुए राधिका ने कहा कि नवाज बहुत ईमानदार, अनुशासित और हार्ड वर्किंग एक्टर हैं. उन्होंने बताया कि पूरी शूटिंग के लिए उन्होंने 80 साडियां यूज की है.

# रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का नया पोस्टर जारी, टीजर की रिलीज डेट भी आई सामने



बॉलीवुड के मशहूर एक्टर रणवीर सिंह और एक्ट्रेस आलिया भट्ट जल्द ही फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर करण जौहर खूब एक्साइटेड हैं। वह आए दिन रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से जुड़ी चीजें साझा करते हैं। चंद मिनट पहले करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का पोस्टर शेयर किया है, जिसने आते ही फैंस की एक्साइटमेंट को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। इसके साथ ही करण जौहर ने टीजर की रिलीज डेट भी साझा की है।

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह का लुक देखने लायक रहा। जहां आलिया भट्ट रेड साड़ी में नोज पिन पहने बेहद प्यारी लगीं। वहीं रणवीर सिंह भी रेड आउटफिट में डैशिंग लगे। पोस्टर के मुताबिक, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का टीजर कल यानी 20 जून को रिलीज होगा। बता दें कि फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए करण जौहर ने लिखा, प्यार के दौरान की बस केवल शुरुआत हुई है।

# रिलीज हुआ द आर्चीज का टीजर, दिखा 60 का दशक, लुक ने जीता दर्शकों का दिल

जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज का फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। इसके पीछे की वजह ये है कि इस फिल्म के साथ कई स्टारकिड्स एक्टिंग की दुनिया में डेब्यू करने वाले है। इस फिल्म में शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाने वाली हैं। अभी तक इस फिल्म से जुड़े कई अपडेट्स सामने आ चुके है। इसी बीच अब फिल्म द आर्चीज का टीजर सामने आ गया है। द आर्चीज का टीजर आते ही सोशल मीडिया पर छा गया।



सुहानाखान और खुशी कपूर की लीड रोल वाली फिल्म दआर्चीज एक बार फिर चर्चा में आ गई है। फिल्म द आर्चीज का टीजर रिलीज हो गया है। इस टीजर में 60 के दशक को दिखाया गया है। इस टीजर वीडियो में प्यार से लेकर ब्रेकअप तक को कवर किया गया है। फिल्म का ये टीजर आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। सुहाना खान से लेकर खुशी कपूर तक के लुक को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। जानकारी के लिए बता दें कि फिल्म का टीजर को ब्राजील में नेटफ्लिक्स के टुडुम कार्यक्रम के दौरान रिलीज किया गया। द आर्चीज के टीजर से यह साफ है कि निर्देशक जोया अख्तर और उनकी टीम ने फेमस कॉमिक सीरिज को बनाने में बहुत मेहनत की है और कहानी को बहुत अच्छे से प्रजेंट किया है। स्टार किड्स सुहाना खान, अगस्त्य नंदा, और खुशी कपूर इस फिल्म के स्टार कास्ट है और वेदांग रैना, डॉट, मिहिर आहूजा, और युवराज मेंडा भी इस फिल्म का हिस्सा है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com